इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्व स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद**
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनवाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक
न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039 हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 44 | अंक - 295 | राजनांदगांव, रविवार 14 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# 7,000 मकान, 3,000 करोड़ पुनर्वास पैकेजः पीएम मोदी ने मणिपुर के लिए खोला खजाना; कहा-मैं आपके साथ..



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दो साल बाद हिंसा प्रभावित मणिपुर पहुंचे। यहां भारी बारिश और विरोध प्रदर्शनों के बीच उन्होंने 7,300 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। चुराचांदपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भारत सरकार आपके साथ है।

खराब मौसम के कारण पीएम मोदी का कार्यक्रम बदला गया। इम्फाल से चुराचांदपुर वे सड़क मार्ग से पहुंचे। इस कारण कार्यक्रम में भी देरी हुई, लेकिन भारी बारिश के बावजूद हजारों लोग पीएम के स्वागत के लिए मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर में समावेशी और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं का ऐलान किया। इस दौरान उन्होंने 7,000 बेघर परिवारों के लिए नए घर और 3,000 करोड़ के पुनर्वास पैकेज का ऐलान।

पीएम मोदी ने कहा, 500 करोड़ विस्थापितों की मदद के लिए आरक्षित किए जाएंगे। 3,600 करोड़ रुपये की शहरी सड़कें, जल निकासी और परिसंपत्ति प्रबंधन परियोजना पर खर्च होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इम्फाल में 1,200 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें मण्ट्रिपुखरी सिविल सचिवालय, IT SEZ बिल्डिंग, नया पुलिस मुख्यालय, दिल्ली और कोलकाता में मणिपुर भवन, 4 जिलों में महिलाओं के लिए इमा मार्केट शामिल हैं। इम्फाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का विरोध किया। कांग्रेस भवन के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और CPI सांसद जॉन ब्रिटास ने देरी पर सवाल उठाए। कहा, प्रधानमंत्री को पहले मणिपुर जाना चाहिए था। लंबे समय से लोग परेशान हैं। यह कदम पहले उठाना चाहिए था।

## अशांति के बावजूद नेपाल ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोच्च रखा- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री बनीं सुशीला कर्की को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कदम महिलाओं के सशक्तिकरण का चमकदार उदाहरण है। पीएम मोदी ने इंफाल में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और नेपाल के रिश्ते साझा इतिहास, आस्था और संस्कृति पर टिके हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत नेपाल के लोगों के साथ इस परिवर्तन के समय मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी ने कहा, मैं 140 करोड़ भारतीय की ओर से कर्की को बधाई देता हूं। मुझे भरोसा है कि वह नेपाल में शांति, स्थिरता और विकास का रास्ता खोलेंगी। शुक्रवार रात सुशीला कर्की ने नेपाल की पहली महिला अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वह नेपाल की पूर्व मुख्य न्यायाधीश भी रह चुकी हैं। उनकी नियुक्ति ने नेपाल की राजनीति में चल रही अनिश्चितता को खत्म किया। केपी शर्मा ओली की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने पहली बार मणिपुर हिंसा पीड़ितों से की मुलाकात, कांग्रेस ने कहा- जलते मणिपुर को अपने हाल पर छोड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय मणिपुर के दौरे पर है। मई 2023 में मैतेई और कुकी समुदाय के बीच भड़की जातीय हिंसा के बाद पीएम का यह पहला मणिपुर दौरा है, जिसमें 260 लोगों की मौत हो गई थी। पीएम दोपहर करीब 12 बजे इंफाल एयरपोर्ट पहुंचे थे जहां से वह सड़क के रास्ते होते हुए चुराचांदपुर पहुंचे। चुराचांदपुर में पीएम ने जनसभा को संबोधित किया और 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस जनसभा को संबोधित करने से पहले पीएम ने चुराचांदपुर में जातिय हिंसा के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बिहार की 243 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार उतारेंगे शंकराचार्य



बीजेपी के खिलाफ खोला मोर्चा

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव का जैसे जैसे समय नजदीक आ रहा है वैसे वैसे सियासी पारा चढ़ रहा है। बिहार पॉलिटिक्स में अब धार्मिक एंट्री हो गई है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को बिहार चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। शंकराचार्य ने चुनावी हुंकार भरते हुए कहा है कि वह बिहार विधानसभा चुनावों में उन निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे जो गोहत्या के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। बिहार में बोलते हुए शंकराचार्य ने कहा कि सात दशकों और कई आश्वासनों के बाद भी कोई भी पार्टी गोहत्या के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार चुनावों में हम गोरक्षा और सनातन धर्म के लिए वोट करेंगे। शंकराचार्य ने कहा है कि 78-79 वर्षों और कई आश्वासनों के बाद भी किसी भी पार्टी ने गोहत्या के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वह राज्य चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे, और कहा कि अभी उनके नामों का खुलासा नहीं किया जाएगा।

## रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए एकजुट होकर चीन पर लगाएं 50 से 100 प्रतिशत टैरिफ



ट्रंप का नाटो देशों को पत्र

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को जानकारी दी कि उन्होंने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देशों को पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने कहा, मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, लेकिन तभी लगाऊंगा जब सभी नाटो देश इस पर सहमत हों और वहीं कदम उठाना शुरू कर दें और सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना पूरी तरह बंद कर दें।

ट्रंप ने लिखा, जैसाकि आप जानते हैं कि नाटो की जीत के लिए अब तक पूरी कोशिशें नहीं हुई हैं और कुछ देशों की ओर से रूसी तेल की खरीद वाकई चौंकाने वाली है। इससे रूस के खिलाफ बातचीत में आपकी स्थिति और सौदेबाजी की ताकत कमजोर हो जाती है। खैर, अगर आपर तैयार हों तो मैं तैयार हूं। बस आप बताइए कि कब शुरू करना है? मेरा मानना है कि इसके साथ ही अगर नाटो एक समूह के तौर पर चीन पर 50 से 100 फीसदी तक टैरिफ लगाए, जिन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद पूरी तरह से हटा लिया जाए तो यह इस खौफनाक और बेवजह के युद्ध को खत्म करने में बहुत मददगार साबित होगा। ट्रंप ने आगे लिखा, चीन का रूस पर काफी मजबूत नियंत्रण है और पकड़ बनी हुई है। ये सख्त टैरिफ उस पकड़ को कमजोर करने का काम करेंगे। उन्होने आगे कहा, यह ट्रंप का युद्ध नहीं है। अगर तब मैं राष्ट्रपति होता तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता। यह युद्ध (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी और उनकी दिवंगत मां का एआई वीडियो बनाने के मामले में कांग्रेस, आईटी सेल के नेताओं के खिलाफ एफआईआर



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी की एआई वीडियो जनरेट करने और सोशल मीडिया पर शेयर करने के मामले में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई है। दिल्ली बीजेपी के चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकेत गुप्ता की शिकायत पर नॉर्थ एवेन्यू थाने में स्रढ्ढक्रदर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, 10 सितंबर 2025 को शाम 6.12 बजे कांग्रेस की आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से X हैंडल पर एक एआई जनरेटेड फर्जी वीडियो जारी किया गया। मामला कांग्रेस और बिहार कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े नेताओं के खिलाफ दर्ज किया गया है।

### शिकायत में लगाया गया ये आरोप

इस वीडियो में पीएम मोदी और उनकी दिवंगत मां की छवि को गलत तरीके से दिखाया गया। बीजेपी का कहना है कि यह वीडियो न केवल प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए बनाया गया, बल्कि महिला गरिमा और मातृत्व का भी अपमान है। शिकायत में यह भी कहा गया कि 27-28 अगस्त को बिहार के दरभंगा में आयोजित कांग्रेस-आरजेडी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान भी पीएम मोदी और उनकी मां के खिलाफ अभद्र व अशोभनीय टिप्पणियां की गईं।

### इन धाराओं में केस दर्ज

बीजेपी नेता संकेत गुप्ता की शिकायत को गंभीर मानते हुए दिल्ली पुलिस ने FIR दर्ज की है। BNS की धाराओं 318(2), 336(3)(4), 340(2), 352, 356(2) और 61(2) सहित आईटी एक्ट और डिजिटल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट की प्रासंगिक धाराओं में दर्ज किया गया है। इससे पहले बीजेपी और उसके सहयोगी दलों ने शुक्रवार को कांग्रेस पर उसकी बिहार इकाई द्वारा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वनतारा के खिलाफ शिकायतों की जांच कर रही एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में सौंपी रिपोर्ट



नई दिल्ली। गुजरात के जामनगर स्थित प्राणी बचाव एवं पुनर्वास केंद्र, वनतारा के मामलों की जांच कर रहे उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपी। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी के वकील द्वारा रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद इसे रिकॉर्ड में ले लिया। पीठ ने कहा, इस अदालत द्वारा गठित विशेष जांच दल ने एक सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट और एक पेन ड्राइव जमा कर दी है, जिसमें रिपोर्ट और उसके अनुलग्नक भी शामिल हैं। इसे स्वीकार किया जाता है और इसे रिकॉर्ड में शामिल करने का निर्देश दिया जाता है।

### दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई

मामले की सुनवाई संभवतः 15 सितंबर को होगी। शीर्ष अदालत ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों तथा गैर सरकारी संगठनों और वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया। व्यापक आरोपों को देखते हुए, शीर्ष अदालत ने कहा कि निजी प्रतिवादी या किसी अन्य पक्ष से जवाब आमंत्रित करने से कोई खास फायदा नहीं होगा। न्यायालय ने कहा कि सामान्यतः ऐसे निराधार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डेंटल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभः सीएम साय बोले- मानव मुस्कान को सुरक्षित रखने, सहेजने में दंत चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्ण



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस 2025 का शुभारंभ किया। सीएम श्री साय ने कहा कि, प्रदेश की 3 करोड़ जनता के आरोग्य के साथ हम विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार करेंगे। पिछले 20 महीनों में प्रदेश की स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करते हुए दुर्गम अंचलों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार ने किया है। सीएम श्री साय ने राजधानी रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित तीन दिवसीय डेंटल कॉन्फ्रेंस 2025 का शुभारंभ कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दंत चिकित्सा और दांतों की देखभाल से जुड़े उपयोगी उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया डेंटल एसोसिएशन (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## लोकसभा में 31 फीसदी परिवारवाद

# राजनीति में परिवारवादः 21 प्रतिशत सांसद, विधायक व एमएलसी शामिल

नई दिल्ली। राजनीति में परिवारवाद को लेकर राजनीतिक दल एक दूसरे पर अक्सर परिवारवाद को लेकर आरोप लगाते रहते हैं। ऐसे समय ए.डी.आर. नाम की संस्था ने एक रिपोर्ट सार्वजनिक की है। जिसमें वर्तमान सांसदों, विधायकों, एम.एल.सी. को मिलाकर कुल प्रतिनिधियों में से 21 फीसदी ऐसे हैं, जिनके परिवार में से कोई न कोई राजनीति के साथ जुड़ा हुआ है। इन तमाम निर्वाचित प्रतिनिधियों में से 31 फीसदी के साथ लोकसभा के शीर्ष स्थान में हैं, जहां सर्वाधिक परिवारवाद देखने को मिला है।

ए.डी.आर. नामक संस्था के द्वारा राष्ट्रीय दलों के तमाम 3214 वर्तमान विधायकों, सांसदों, काउन्सिलर्स का निरीक्षण किया था। जिन्हे लेकर जानकारी हुई थी कि इन तमाम राष्ट्रीय पार्टी के 3214 वर्तमान सांसद, विधायक, एम.एल.सी. में से 657 याने कि 20 प्रतिशत डायनेस्टिक याने कि राजवंशीय संबंध रखने वाले है। जिनके परिणाम में से कोई न कोई राजनीति में प्रतिनिधित्व कर रहा है अथवा कर चुका है। इन 657 में से 32 फीसदी कांग्रेस के सांसद, विधायक, एम.एल.सी. का समावेश होता है। जब कि, भाजपा के ऐसे निर्वाचित नेताओं की संख्या 18 फीसदी है। जब कि, सी.पी.आई.(एम) में सबसे कम 8 फीसदी हैं।

ए.डी.आर. के अलावा नेशनल इलेक्शन वाच की रिपोर्ट में कहा गया है कि 1107 (21 फीसदी) वर्तमान सांसदों, विधायकों, एम.एल.सी. डायनेस्टिक राजवंशीय पृष्ठभूमि रखता है। राज्यों की विधानसभाओं में ऐसी संख्या सर्वाधिक कम 20 फीसदी है। जब कि, लोकसभा में 31 फीसदी, राज्यसभा में 21 फीसदी, काउन्सिल में 22 फीसदी है। याने कि, विधानसभा से ज्यादा लोकसभा में ऐसे नेताओं की संख्या अधिक है।

राज्यों पर दृष्टि डालें तो 141 के साथ उत्तरप्रदेश शीर्ष स्थान में है। 129 के साथ महाराष्ट्र दूसरे क्रम में और 96 प्रतिनिधियों के साथ बिहार तीसरे स्थान में जब कि 94 के साथ कर्नाटक चौथे क्रम में हैं। कुल 4665 वर्तमान सांसदों, विधायकों और एम.एल.सी. में से 856 (18 फीसदी) राजवंशीय संबंध रखते हैं। इन तमाम प्रतिनिधियों में 539 महिलाओं का समावेश होता है। जिनमें 251 (47 फीसदी) राजनीतिक परिवार के साथ संबंध रखते हैं।

## 'जंगलराज और तुष्टिकरण ने बिहार को अंधकार में धकेला'



जेपी नड्डा का तेजस्वी पर हमला

नई दिल्ली। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तापमान चढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को बिहार की राजधानी पटना में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वार्थी नेतृत्व और जंगलराज ने बिहार को अंधकार में धकेल दिया है।

नड्डा ने कहा कि बिहार, जो कभी देश को दिशा देता था, आज कुछ लोगों के गलत नेतृत्व और स्वार्थी प्रयासों के कारण पीछे चला गया। जंगलराज, तुष्टिकरण और जातिवाद ने बिहार को जकड़ लिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जंगलराज का इतिहास भूलने वाला नहीं है, भले ही विपक्ष इसे भुलाने की बात कहे।

नड्डा ने तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी नीतियों ने बिहार की प्रगति को बाधित किया। भाजपा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 साल के शासन की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा, मोदी और नीतीश के नेतृत्व में बिहार ने विकास की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत पाक मैच पर बवालः आप ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों का पुतला फूंका, सौरभ बोले- ऑपरेशन सिंदूर भूली भाजपा



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार यानी 14 सितंबर को होने वाले मैच का विरोध किया है। आप दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आज पाकिस्तानी क्रिकेटरों का पुतला जलाकर प्रतीकात्मक रूप से विरोध जताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जो भी क्लब, रेस्टोरेंट या होटल इस मैच को दिखाएंगे, उन्हें जनता के समक्ष एक्सपोज करेंगे। यही नहीं, आप विधायक संजीव झा ने पाकिस्तानी क्रिकेटरों के साथ बैट को भी आग के हवाले कर दिया।

आप दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा शायद ऑपरेशन सिंदूर को भूल चुकी है। हमारी मां-बहनों का सुहाग उजाड़ने वाले आतंकियों का समर्थन करने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटरों से मैच खेला जा रहा है। इससे बड़ी शर्मनाक बात क्या है। उन्होंने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने इंस्टाग्राम पर यह तस्वीर शेयर की थी।

### अरविंद केजरीवाल ने भी साधा निशाना

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी भारत पाकिस्तान मैच को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री जी को पाकिस्तान के साथ मैच करवाने की आखिर क्या जरूरत है। सारा देश कह रहा है कि यह मैच नहीं होना चाहिए। फिर यह मैच क्यों करवाया जा रहा है?

### महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन करेगी शिवसेना

एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को मैच खेला जाएगा। इस मैच को लेकर राजनीति तेज हो गई है। विपक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## तेजस्वी यादव 16 सितंबर को निकालेंगे बिहार अधिकार यात्रा



पटना। बिहार में चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले ही चुनावी तापमान बढ़ने लगा है. विपक्षी महागठबंधन चुनावी मोड में आ गया है. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के साथ ही महागठबंधन के अन्य घटक दलों के शीर्ष नेताओं ने सासाराम से पटना तक वोटर अधिकार यात्रा निकाली थी.

तेजस्वी यादव अब एक और यात्रा पर निकलने जा रहे हैं. तेजस्वी यादव की इस नई यात्रा का कार्यक्रम राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने जारी कर दिया है. तेजस्वी यादव की इस यात्रा को बिहार अधिकार यात्रा नाम दिया गया है. तेजस्वी यादव की यह यात्रा 16 सितंबर को जहानाबाद से शुरू होगी और 20 सितंबर को वैशाली पहुंचकर संपन्न होगी. तेजस्वी यादव की पांच दिन चलने वाली बिहार अधिकार यात्रा 10 जिलों से होकर गुजरेगी. यह यात्रा जिन 10 जिलों से होकर गुजरेगी, उन जिलों में जहानाबाद, के साथ ही नालंदा, पटना, बेगूसराय, खगड़िया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल, समस्तीपुर और वैशाली जिले शामिल हैं. इस यात्रा को लेकर आरजेडी की प्रदेश इकाई के प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने संबंधित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोहन यादव बाल-बाल बचे! उड़ान भरने से पहले हॉट एयर बैलून में लगी आग, मौके पर मची अफरा-तफरी



मंदसौर। मध्य प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव शनिवार सुबह एक बड़े हादसे में बाल बाल बचे। वे मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता के साथ गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट में हॉट एयर बैलून की सवारी करने वाले थे। हालांकि हवा की रफ्तार तेज होने के चलते बैलून उड़ नहीं सका। वहीं, जब उसमें हवा भरी जा रही थी तो वह नीचे झुक गया। इससे निचले हिस्से में आग लग गई। इसके ठीक नीचे सीएम मोहन यादव खड़े थे। सीएम की सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मी अलर्ट हुए। दरअसल, सीएम मोहन यादव गांधी सागर फॉरेस्ट रिट्रीट में फेस्टिवल के चौथे संस्करण की शुरूआत करने पहुंचे थे। रात में हिंगलाज रिसॉर्ट रुके थे। यहां नाइट हाल्ट के बाद शनिवार के दिन सुबह हॉट बैलून में सवार होने वाले थे। लेकिन हवा की रफ्तार अधिक होने से बैलून नहीं उड़ सका। इस दौरान उनके बैलून के एयर मशीन में आग लग गई। सीएम उस समय नीचे मौजूद थे। सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला और ट्रॉली को संभाले रखा। वहीं, कर्मचारियों ने आग को बुझाया जिससे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

**किराये से उपलब्ध है**
दुकान, मकान, गोदाम, फ्लैट किराए पर उपलब्ध है
पता -1. गोल बाजार मस्जिद के सामने वीआईपी गली हमाल पारा, राजनांदगांव
2. चांदनी सुहाग भंडार के सामने (नवयुवक गणेश मंडल गली में) हमाल पारा राजनांदगांव। संपर्क करें -
चांदनी सुहाग भंडार
गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव
मो. 9302435886, मो. 9827951560

# पहला कॉलम...

## हिन्दी में ही सम्भाषण, संवाद के संकल्पित हो- डॉ. द्विवेदी



राजनांदगाँव (दावा)। समग्र देश धरती में सर्वाधिक बोलने समझने वाली हमारी राज काज भाखा हिन्दी के दिवस के अवसर परिप्रेक्ष्य में नगर को वरिष्ठ चिंतक कृष्ण कुमार द्विवेदी ने आह्वान टीप में बताया कि प्रत्येक प्रयुद्धजन, छात्र एवं युवा पीढ़ी को हमेशा सार्वजनिक रूप में गर्व एवं गौरव से हमारी अपनी रचनाधर्मी भाखा हिन्दी का ही प्रयोग/बोलना चाहिये। हमने इसी भाषा में आजादी की लड़ाई लड़ी, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान बनाये, भारत माता की जय, जय हिन्द, वंदे मातरम के अमर नारे लगाये। आइये हिन्दी में ही सम्भाषण, वार्ता, संवाद के लिये संकल्पित हो।

## विधि महाविद्यालय के छात्रों ने किया लोक अदालत का भ्रमण



राजनांदगांव (दावा)। पंडित किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय, राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं ने 13 सितंबर को लोक अदालत का भ्रमण कर उसकी कार्यवाही को करीब से देखा। इस दौरान छात्रों को भारतीय न्याय प्रणाली के व्यावहारिक पहलुओं को समझने का महत्वपूर्ण अवसर मिला। इस शैक्षणिक दौरे में विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अतुल सोनी भी मौजूद थे। लोक अदालत में छात्रों को जिला बार काउंसिल के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में लोक अदालत के महत्व और इसके जरिए मिलने वाले त्वरित व सुलभ न्याय पर विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने पूरी कार्यवाही का गहनता से अवलोकन किया और इस अवसर का भरपूर लाभ उठाया। इस भ्रमण से उन्हें न केवल अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का मौका मिला, बल्कि न्याय व्यवस्था के प्रति उनकी समझ और जागरूकता भी बढ़ी।

## छत्तीसगढ़ स्थापना की रजत जयंती पर लोक नृत्य की छटा बिखरी



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव में दिनांक 11 सितम्बर 2025 को प्राचार्य डा. ओंकार लाल श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन शासन के निर्देशानुसार रजत जयंती उत्सव 2025 के अंतर्गत किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में कुल 12 समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

छात्राओं ने पारंपरिक लोक धुनों पर सजीव नृत्य प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के कला प्रदर्शन की सराहना की और विजेताओं की घोषणा की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी प्रथम सेमेस्टर (जीवविज्ञान) की गायत्री नेताम एवं समूह को प्राप्त हुआ, वहीं द्वितीय स्थान एनसीसी समूह की अंजली निषाद एवं उनके साथियों ने प्राप्त किया। तृतीय स्थान एमएससी तृतीय सेमेस्टर (वनस्पति शास्त्र विभाग) की श्रेया देवांगन एवं समूह को मिला। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में श्रीमती ममता आर. देव, संजय मिश्रा एवं श्रीमती नीलम राम धनसाय शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चेतना गुप्ता ने किया। संयोजन डॉ. निवेदिता ए. लाल एवं निर्देशन श्रीमती रामकुमारी धुर्वा द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. अर्चना खरे, डॉ. पूजा चौधरी, उमेश पनरिया एवं कु. डूमन बघेल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन के माध्यम से छात्राओं ने न सिर्फ छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत किया, बल्कि अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित भी किया।







# नेशनल लोक अदालत में 2.71 लाख से अधिक मामलों का निपटारा, 26 करोड़ से ज्यादा की राशि का समझौता

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सावंत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत का 13 सितंबर को वर्चुअल और भौतिक उपस्थिति मोड में आयोजन किया गया। इसमें सर्वोच्च न्यायालय से लेकर तहसील स्तर तक के न्यायालयों में लोक अदालत आयोजित की गयी। जिला राजनांदगांव, जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई में न्यायालय में लंबित, राजस्व न्यायालय एवं प्री-लिटिगेशन के 274907 प्रकरणों को निराकरण के लिये चिन्हित किया गया है। जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुषमा सावंत के नेतृत्व में लोक अदालत के आयोजन की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी थी। नेशनल लोक अदालत आयोजित करने के लिए कुल 47 खंडपीठों का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में 271474 मामलों का सफ्लतापूर्वक निपटान किया गया। निपटान किए गए मामलों में कुल 268208 मामले प्री-लिटिगेशन चरण के थे और 3266 मामले ऐसे थे जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित थे, निपटान राशि लगभग रूपये 260114943.68 (अक्षरी-छब्बीस करोड़ एक लाख चौदह हजार नौ सौ तिरालीस रूपये अड़सठ पैसे) था।

उपरोक्त नेशनल लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य मामले, मोटर वाहन दुर्घटना दावा से संबंधित मामले, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित मामले अर्थात् चेक से संबंधित मामले, वैवाहिक विवाद के मामले, श्रम विवाद के मामले, बैंक ऋण वसूली वाद, रूपया वसूली वाद, विद्युत बिल एवं टेलीफोन बिल के मामले, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, राजस्व न्यायालय के मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य वाद आदि से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।

## लोक अदालत : पति-पत्नी एक हुए और खुशी-खुशी अपने घर गए



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित नेशनल लोक अदालत दिनांक 13 सितम्बर 2025 के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई नेशनल लोक अदालत के आयोजन अवसर पर न्यायालय माननीय न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, (उत्तरा कुमार कश्यप), राजनांदगांव के न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्र. 84/2025, पक्षकार अर्चना निषाद व अन्य विरूद्ध गजेन्द्र कुमार निषाद, आवेदिका एवं अनावेदक का विवाह दिनांक 30.08.2008 को संपन्न हुआ। अनावेदक और उसके परिवार द्वारा छोटी-छोटी बातों को लेकर आ.क.-1 से मारपीट करना, गाली-गलौच करना, शराब पीकर प्रतिदिन घर आना, उससे अभद्र व्यवहार करता था और मार्च 2025 से लगातार उससे मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। पृथक रहने के पश्चात् आवेदिका ने स्वयं के लिए एवं अपने पुत्र के लिए भरण-पोषण राशि दिलाए जाने बाबत प्रकरण पेश की है। उभयपक्ष के मध्य राजीनामा की कार्यवाही की गई, सफ्ल रही। अतः प्रकरण नेशनल लोक अदालत में समाप्त किया गया।

### लगभग 5 वर्ष पुराने मामले का लोक अदालत में राजीनामा कर किया निपटारा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा निर्धारित नेशनल लोक अदालत दिनांक 13 सितंबर 2025 के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिला राजनांदगांव में आयोजित की गई नेशनल लोक अदालत के आयोजन अवसर पर न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (दंतेश्वरी नेताम) राजनांदगांव के न्यायालय में लगभग 86 वर्ष वृद्ध महिला को आरोपी मोहित गुप्ता, ईमरान खान, देवेन्द्र जांगड़े द्वारा अश्लील गाली गलौच किया, जिसकी रिपोर्ट थाना बसंतपुर में अपराध क्र. 347/2021 के अंतर्गत अपराध की कायमी की गयी। आज नेशनल लोक के अवसर पर न्यायाधीश के अथक प्रयास एवं समझाईश देने के पश्चात आरोपियों ने वृद्ध महिला से माफी मांगी एवं आगे भविष्य में गाली-गलौच न करने एवं ऐसा कोई कृत्य जिससे वृद्धजनों को मानसिक एवं सामाजिक रूप से परेशानियों का सामना करने पड़े, न करने की बात कही। इस प्रकार आज नेशनल लोक अदालत में उक्त प्रकरण का निपटारा हुआ। उभयपक्ष के मध्य राजीनामा की कार्यवाही की गई, सफ्ल रही। अतः प्रकरण नेशनल लोक अदालत में समाप्त किया गया।

| मामले | लंबित | प्री-लिटिगेशन | कुल |
|---|---|---|---|
| सुनवाई किये गये | 3734 | 271173 | 274907 |
| निपटान किये गये | 3266 | 268208 | 271474 |
| निपटान मूल्य (रुपये में) | 42850920.68 | 217264023.00 | 26,01,14,943.68 |

## पुलिस ने आरोपी के खिलॉफ 20-बी एनडीपीएस एक्ट के तहत की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। चिखली चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में आरोपी के पास से 173,98 ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं बिक्री की रकम 300 रुपए जब्त की है। आरोपी का नाम नकील खान पिता शेख नबी उम्र 20 वर्ष निवासी गौरी नगर वार्ड नं. 14 बताया जाता है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन एवं पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों एवं अवैध गांजा, शराब, नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 सितंबर शनिवार को मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पुराना बस स्टैण्ड खालसा होटल के पास में रेड कार्यवाही कर आरोपी नकील खान को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 173.98 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 5000 रूपये एवं बिक्री रकम 300 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य नारकोटिक्स के तहत अपराध सबूत पाये जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया।

श्री मरई ने बताया कि आगे भी अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, शराब जैसे नशीले पदार्थो की बिक्री मे संलिप्त लोगो के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, निरीक्षक योगेष कुमार पटेल, प्र.आरक्षक शंभूनाथ द्विवेदी, आरक्षक राम खिलावन सिन्हा, लिलेन्द्र पटेल, रामनारायण चंदेल, पारख दास साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## सेवा पखवाड़ा सभी कार्यकर्ताओं को उनकी रचनात्मक ऊर्जा और सेवा के भाव को नई दिशा देगा - प्रदीप गांधी

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा पखवाड़ा' के तहत भाजपा द्वारा मुसरा मंडल में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।



इस दौरान पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा कार्यों के माध्यम से पहुंचना है। श्री गांधी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा सभी कार्यकर्ताओं को उनकी रचनात्मक ऊर्जा और सेवा के भाव को नई दिशा देगा। उन्होंने स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण, चित्रकला प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिविर और लोकल फॉर वोकल के प्रचार जैसे विषयों पर समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने मंडल स्तर पर साइकिल यात्रा निकालकर अभियान का प्रचार करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### कार्यशाला में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

कार्यक्रम की शुरुआत प्रदीप गांधी ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रशांत कोडापे और मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा ने भी सेवा पखवाड़ा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दौरान वरिष्ठ नेता चंद्रकुमार देवांगन, महेंद्र वैष्णव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयपाल सिन्हा, जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा और जनपद सदस्य उमेश साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरपंच संघ के अध्यक्ष व भाजपा नेता के खिलाफ महिला जनपद सभापति द्वारा आदिवासी थाना में की गई शिकायत



- अनेक विवादों से घिरे भाजपा नेता को वरिष्ठ नेताओं का खुला संरक्षण
- पीड़ित आदिवासी महिला जनप्रतिनिधि के साथ आदिवासी समाज एकजुट हुआ, बैठकों का दौर जारी
- मामला- सरपंच संघ के अध्यक्ष, भाजपा महामंत्री व बोरतलाव के सरपंच कैलाश उके द्वारा आदिवासी महिला जनप्रतिनिधि को ग्रामसभा में जातिगत रूप से अपमानित करने का

डोंगरगढ़(दावा)। सरपंच संघ के अध्यक्ष व एलबी नगर भाजपा मंडल महामंत्री कैलाश उके द्वारा प्रताड़ित की गई बोरतलाव क्षेत्र की आदिवासी महिला जनपद सभापति सरिता ओमप्रकाश मांडवी ने कैलाश उके के खिलाफ आदिवासी महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा नेता व बोरतलाव के सरपंच कैलाश उके द्वारा ग्रामसभा की बैठक में श्रीमती मंडावी को जातिगत गाली गलौच कर अपमानित किये जाने पर श्रीमती मंडावी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पीड़िता के पक्ष में आदिवासी समाज एकजुट दिखाई दे रहा है। सामाजिक स्तर पर लगातार बैठक का दौरा जारी है, जो भविष्य में बड़े प्रदर्शन की ओर इशारा कर रहा है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट में श्रीमती मंडावी द्वारा कहा गया है कि, मैं पूर्व में ग्राम पंचायत बोरतलाव की सरपंच रही हूं, मेरे कार्यकाल में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य शासन द्वारा आबंटित राशि से किया गया था तथा शेष राशि मानदेय सहित कुल राशि 6,18,580 रूपये का आबंटन बाद में ग्राम पंचायत बोरतलाव को किया गया है, जिसे मुझे प्राप्त करना था। किन्तु वर्तमान ग्राम पंचायत सरपंच कैलाश उके (कलार) अन्य पिछड़ा वर्ग के द्वारा राशि प्रदान करने में हिला-हवाला किया जा रहा था। तत्संबंध में मेरे द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ को दिनांक 25/08/2025 को कुल राशि 6,18,580 रूपये राशि लेने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ द्वारा 3 दिन के भीतर राशि के भुगतान का निर्देश सरपंच /सचिव को दिया गया, किंतु आज पर्यंत राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

### जातिगत अपमान किया गया - श्रीमती मंडावी

दिनांक 28 अगस्त को सुबह 11:00 बजे ग्राम पंचायत बोरतलाव के आश्रित ग्राम छिन्दीजोब में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई थी। जहाँ पर मैं मेरे द्वारा कराये गये निर्माण कार्य एवं मानदेय का भुगतान करने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगढ़ को दिया गया पत्र को दिखा कर ग्रामसभा के बीच में 6,18,580 रूपये का भुगतान करने सरपंच कैलाश उके से निवेदन किया तब उनके द्वारा कहा गया कि मैं आपके कार्यकाल की राशि 6,18,580 रूपये का भुगतान नहीं करूंगा। आपको जो करना है कर लो। इस बात पर मैं ग्रामसभा में उपस्थित सभी सदस्यो के बीच पुनः निवेदन किया कि मेरे कार्यकाल के समय जिन फाईलों में सरपंच का हस्ताक्षर नहीं हुआ है। उसमें हस्ताक्षर कर दो तब यह भड़कते हुए कहा कि मैं हस्ताक्षर नहीं करूंगा। क्योंकि कार्य अभी अधूरा है। तब मैं बोली कि कार्य पूर्ण करने पश्चात ही इंजीनियर द्वारा मूल्यांकन किया जा चुका है। तो आप हस्ताक्षर क्यों नहीं कर रहे हो। इस पर वह ठेकेदारों से राशि हड़पने का झूठा आरोप लगाते हुए जातिसूचक गाली गलौच करते हुए तुम गोंडगवांर हो, मेरा क्या कर लोगे, तुमको जहाँ जाना है जाओ, कह कर उंगली दिखाते हुए सबके सामने अपमानित किया। जिससे मुझे बहुत बुरा लगा। सार्वजनिक रूप से मेरा अपमान हुआ है, उस समय ग्रामसभा में जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी, उपसरपंच दिनेश मंडावी, पंचगण-पंकज सोरी, बिजेलाल मंडावी, देवेन्द्र सुलाखे, विनोद साहू शिव बल्लारे सहित अन्य उपस्थित सदस्य घटना को देखे एवं सुने हैं।

## जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण के लिए एक अनूठी पहल: प्रतियोगिताओं का शुल्क होगा 'एक बीज'

राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा एक दिवसीय जल, जंगल, जमीन, पेड़, पानी, ईकोब्रिक्स, पॉलिथीन पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक मयंक शर्मा, शहर संयोजक निकुंज सिंघल, नगर नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जल, जंगल, जमीन, पेड़, पानी व पॉलिथीन पर पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों पर अनुभवी वक्ताओं का उद्बोधन विस्तृत चर्चा रहेगी। आज 14 सितंबर रविवार समय प्रातः 10 से संध्या 4 बजे तक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन स्थान सनसिटी क्लब हाउस में आयोजित रहेगी। कार्यशाला दो सत्र में होंगे। प्रथम सत्र प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक व द्वितीय सत्र दोपहर 2 से संध्या 4 बजे तक होगा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः 10 बजे प्रकृति पूजन से प्रारंभ होगा। प्रतियोगिता का समय दोपहर 2:30 से 3:30 रहेगा। अधिक जानकारी के लिए इस नंबर पर 9827153440, 9039790805 9827975274 संपर्क करें।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

690-5 279-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अपहृत बालिका को पुलिस ने गोंदिया से किया बरामद





राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र से अपहृत हुई नाबालिग बालिका को गोंदिया महाराष्ट्र से बरामद की है। अपहृत बालिका को उसके परिजनों के हवाले किए जाने से उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 79 पौवा देशी शराब एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एवं ई-रिक्शा को जप्त किया है और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही की है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि इस क्रम में मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वालों को भी धारा 170 भा.ना.सु.सं. के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है। वहीं फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपी दउवा राम प्रजापति पिता बरातू प्रजापति उम्र 61 साल निवासी मोहारा, रोमांचल दास देशलहरे पिता स्व. छबिलाल देशलहरे उम्र 45 साल निवासी ग्राम भंवरमरा सुरगी, दीपक यादव पिता स्व. कृष्णा यादव उम्र 40 साल निवासी लखोली है। इसी तरह नाम आरोपी हर्ष पाण्ड्या पिता राजेश पाण्ड्या उम्र 23 साल निवासी प्रभात नगर व स्थायी वारंटी आशीष उर्फ नेतराम पिता सुरेन्द्र साखरे निवासी इंदिरा नगर बताया गया है।

पुलिस द्वारा गोंदिया से बरामद कर लाए गए अपहृत बालिका के संबंध में बताया गया कि प्रार्थी द्वारा बसंतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी भतीजी उम्र 17 साल निवासी हॉस्पीटल कॉलोनी जो कि गत 7 सितंबर को घर से बिना बताये कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 405/25 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। विवेचना के दौरान अपहृत बालिका के गोंदिया (महाराष्ट्र) में होने की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के दिशा निर्देश पर बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्तर पर टीम गठित कर उपरोक्त टीम को गोंदिया महाराष्ट्र रवाना किया गया। जहां अपहृत बालिका को गोंदिया से बरामद कर उनके परिजनो को सुपुर्द किया गया। अपहृता के परिजन अपनी भतीजी को सुपुर्दनामा पर प्राप्त कर थाना बसंतपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

# लोक अदालत में प्रकरण निपटाने पहुंचे निगम टैक्स के बकायादार



**भारी रकम नहीं दे पाने पर समझौता किए जाने की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार समस्त न्यायालयों में नेशनल लोक अदालतों का आयोजन के लिए तिथि निर्धारित की गयी। जिसके तहत शनिवार 13 सितंबर को जिला न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ की गई।

बता दें कि शहर के निगम टेक्स के बकायादारों को लोक अदालत के माध्यम से नोटिस देकर निगम टेक्स की बकाया राशि पटाने के लिए बुलाया गया था। जिसमें निगम टेक्स के बकाया दार कई लोग पहुंचे हुए थे। शहर के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका बल्देव बाग में पुस्तैनी मकान है जो जर्जर हो चुका है। जो रिहाइशी नहीं है। उसका निगम द्वारा 58 हजार 240 रुपए टैक्स भुगतान का नोटिस दिया गया था। इस पर उक्त व्यक्ति ने लोक अदालत में उपस्थित हो कर उक्त जर्जर मकान की उतनी बड़ी राशि नहीं पटा सकने की बात कहते हुए समझौता कराए जाने की बात कही है।अब देखना यह है कि लोक अदालत में राजस्व विभाग द्वारा इस संबंध में बकायादार के पक्ष में क्या निर्णय लेता है।

### रसुखदारों का बकाया 3.28 करोड़

बता दें कि शहर के बड़े-बड़े रसुखदार लोगों का निगम को दिए जाने वाले टेक्स 3.28 करोड़ रूपए की राशि बकाया है। जिसे पटाने के लिए 544 लोगों को कोर्ट से नोटिस जारी हुआ है। इन बकायादारों में न केवल शहर के रहवासी अपितु पीडब्ल्यूडी विभाग, स्टेडियम समिति, आयकर विभाग, सेतु निगम जैसे बड़े-बड़े विभाग है। जिन्हें निगम द्वारा टेक्स पटाने हेतु लगातार कहा जाते रहा लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। निगम टेक्स पटाने में रुचि नहीं दिखाने पर निगम द्वारा इसे सीधे कोर्ट के सुपुर्द कर दिया गया। जहां से 544 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इन बकाया दारो को निगम के पांच सालों का बकाया टेक्स पटाना जरूरी हो गया है। नहीं पटाने पर कुर्की - डिक्री का आदेश जारी हो सकता है। इन बकाया दारो में से कई लोक 13 सितंबर शनिवार को न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में उपस्थित हुए।लोक अदालत में राजस्व अधिकारी के समक्ष उपस्थित हो कर निगम टैक्स की बकाया राशि पटाने के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराया है।

### स्टाल लगा कर की गई सुनवाई

जिला न्यायालय के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय-खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जाना था लोक अदालत में न्यायालय के लंबित राजीनामा योग्य मामलों का निराकरण बडे ही सौहाद्रपूर्ण माहौल में किया जाता है। लोक अदालत मे न्यायालय अधिकारी एवं प्रतिनिधियों आवश्यक दिशा-न लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परकाम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, सिविल प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाना था। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगरपालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जायेंगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत में निराकृत किये जाने थे। इसके लिए न्यायालय परिसर में स्टाल लगाकर सुनवाई एवं निराकरण किया गया।

# गंडई पुलिस ने दी चेतावनी 50 से ज्यादा उपद्रवियों को थाने लाकर लिखवाया निबंध

**गंडई पंडरिया (दावा)। नगर में बढ़ते अपराध और सड़क हादसों पर रोक लगाने गंडई पुलिस ने गुरुवार की शाम ताबड़तोड़ चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के निर्देश पर की गई। इस मुहिम ने पूरे नगर में हलचल मचा दी।**



गंडई पुलिस ने अलग-अलग वार्डों में गश्त करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वाले, धूम्रपान करने वाले, नाबालिग वाहन चालक, शराब के नशे में गाड़ी चलाने वाले, तीन सवारी बाइक सवार और शांति भंग करने वाले 50 से ज्यादा लोगों को बुलाकर चेतावनी देते हुए बताया कि कोई भी लालच में आकर किसी को अपने एटीएम का पिन किसी को देना नहीं और न ही पैसे की लालच में आकर किसी को पैसा देना नहीं करके समझाइश दिए।

### उपद्रवियों द्वारा लिखवाया गया निबंध

थाने में पहुंचे सभी लोगों से पुलिस ने अपराध की गंभीरता समझाने के लिए उसी विषय पर निबंध लिखवाया। यानी जिस-जिसने गलती की थी, उसी पर उसे लिखना पड़ा कि उसका समाज पर कितना बुरा असर पड़ता है। गंडई पुलिस की इस अनोखी पहल को सुनकर सभी उपद्रवियों ने अपनी अपनी गलती को स्वीकार कर दुबारा गलती नहीं करेंगे बोले।

### पहली बार चेतावनी, दोबारा गलती पर होगी कड़ी कार्रवाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश गौतम ने स्पष्ट कहा कि इस बार सभी को चेतावनी देकर छोड़ा गया है। लेकिन अगर भविष्य में किसी ने फिर वही गलती दोहराई तो सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जनता ने सराहा, उपद्रवियों में हड़कंप

नगरवासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि ऐसे कदमों से अपराध पर नकेल कसी जाएगी और लापरवाह वाहन चालक सबक सीखेंगे। वहीं अन्य अपराधियों में इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस का साफ संदेश है अब शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

गंडई पुलिस ने साफ कर दिया है कि यह कार्रवाई केवल एक दिन की नहीं है। आगे भी इस तरह की मुहिम चलती रहेगी, ताकि शहर में अपराध और दुर्घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

# शेषनारायण शांडिल्य उत्कृष्ट प्रधानपाठक हेतु हुए सम्मानित



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परना संकुल केन्द्र बडगांव-चारभांठा के प्रधानपाठक शेषनारायण शांडिल्य को नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए उत्कृष्ट प्रधानपाठक हेतु सम्मानित किया गया है। उन्हें शाला कक्षा परिसर की सजावट, शत प्रतिशत उपस्थिति, कमजोर विद्यार्थियों हेतु गुणवत्ता सुधार में प्रयास, प्रतिवर्ष शाला के बच्चों को प्रयास विद्यालय में चयन, शाला प्रांगण समतलीकरण 2000 वर्ग मीटर हेतु आर्थिक सहयोग, ग्रामीणों को प्रेरित करके 2 एकड़ जमीन शाला के लिए उपलब्ध कराना, शिक्षण प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर रहे, अपने स्कूल के बच्चों को ब्लॉक व जिला स्तर के खेलकूद में आगे बढ़ाया, प्रयास विद्यालय के लिए चयनित बच्चे जिले के टॉपर रहे, शिक्षक पालक के बीच मधुर संबंध बनाकर सामाजिक समरसता बनाया, निर्वाचन कार्यों के मास्टर ट्रेनर रहे, प्रति वर्ष 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम, शैक्षिक सहायक सामग्री निर्माण में नवाचारी गतिविधियों के लिए मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल दुर्ग, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक, संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग के हाथों सम्मानित किया गया. इस उपलब्धि के लिए डीईओ प्रवाससिंह बघेल, बीईओ आर. एल. पात्रे, एबीईओ जयंत साहू, क्षितिज सोरी, संकुल प्राचार्य आर.आर. राणा, समन्वयक नूतन हिरवानी, पूर्व एबीईओ डोंगरगांव रश्मि ठाकुर ने बधाई दी। वर्तमान में श्री शांडिल्य जिला सर्वसेन नाई समाज राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष है। उनकी इस उपलब्धि के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित प्रधानपाठक कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष तुलेश्वर कुमार सेन, जिला सचिव लोकेश कुमार सेन, जिला कोषाध्यक्ष भगवत सेन, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन एवं सभी सामाजिकगण व ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# डॉ. मिश्रा को साहित्य जगत में वह स्थान नहीं मिला, जिसके वे अधिकारी थे- डॉ. शंकर मुनिराय

राजनांदगांव (दावा)। 12 सितंबर शुक्रवार को मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की 127 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित परिसंवाद मे उपरोक्त उद्गार डॉ. शंकर मुनि राय ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात पत्रकार एवं साहित्यकार श्री गिरीश पंकज ने कहा कि मिश्र जी तीन महाकाव्यों की रचना करने वाले एकमात्र साहित्यकार हैं।

कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद द्वारा मिश्र जी की 127 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सुबह त्रिवेणी परिसर में डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र, डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी एवं श्री गजानन माधव मुक्तिबोध की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पत की गई जिसमें मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव थे। महापौर मधुसूदन यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि राजनांदगांव की धरती की पहचान डॉक्टर मिश्र जैसे साहित्यकारों से हुई है। डॉ. शंकर मुनिराय विभागाध्यक्ष हिंदी शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने डॉक्टर मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। एमआईसी के अध्यक्ष राजा माखीजा, संतोष पिल्लई नेता प्रतिपक्ष नगर निगम के साथ त्रिवेणी परिसर में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



दोपहर में डॉक्टर बलदेव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल में मिश्र जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात् अतिथियों के संक्षिप्त उद्बोधन के पश्चात् विद्यार्थियों की वाद विवाद, भाषण एवं कवितापाठ प्रतियोगिताओं के पुरस्कार प्रदान किये गये। पुरस्कार मिश्र जी की पुण्य स्मृति में प्रदीप मिश्रा के सौजन्य से प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्रो. आर.पी. दीक्षित, प्रदीप कुमार मिश्रा, अजय शुक्ला, प्राचार्य भूपेश साहू, शिक्षकगण श्री देवांगन, ठाकुर जी, सुश्री रावत एवं सुश्री मेश्राम एनसीसी अधिकारी चंदू चंद्राकर, छात्रगण सुनील, चुनेन्द्र एवं प्रीती आदि ने सक्रिय भागीदारी कर कार्यक्रम को सफल बनाया। संध्या 6 बजे कान्यकुब्ज सभा राजनांदगांव एवं नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉक्टर शंकर मुनि राय ने मिश्र जी को राम काव्य परंपरा का श्रेष्ठ साहित्यकार निरूपित किया किंतु उन्हें साहित्य जगत में वह स्थान प्राप्त नहीं हुआ जिसके वास्तव में हकदार थे। गिरीश पंकज वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर ने डॉक्टर मिश्र के विभिन्न ग्रंथ एवं काव्य खंडों की विवेचना की तथा यह भी बताया कि वह एकमात्र साहित्यकार हैं जिन्होंने तीन महाकाव्य की रचना की । डॉ नीलम तिवारी ने कहा वह मात्र मानस मर्मज्ञ ही नहीं थे वरन साहित्य, शिक्षा, प्रशासन. राजनीति, लोक सेवा जैसे सभी क्षेत्रों को श्रेष्ठता से निभाया है। सिडनी ऑस्ट्रेलिया से आए मृणाल शर्मा ने मिश्र जी के महाकाव्य साकेत संत के कुछ अंश का सस्वर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉक्टर चंद्रशेखर शर्मा प्राचार्य छत्रपति शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग ने किया अंत मे आभार प्रदर्शन प्रदीप मिश्रा अध्यक्ष कान्यकुब्ज सभा ने किया। इस कार्यक्रम में मधुसूदन यादव महापौर, राजा माखीजा, संतोष पिल्ले नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, कंवर सिह निषाद विधायक गुंडरदेही डॉ.एस.पी. द्विवेदी, डॉ. शंकर मुनी राय, आर.पी. दीक्षित, डी.सी. जैन, जगदीश प्रसाद मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, बी.डी. तिवारी, संजय श्रीवास्तव, अजय शुक्ला सचिव कान्यकुब्ज सभा अखिलेश तिवारी अध्यक्ष नांदगांव साहित्य एवं संस्कृति परिषद, शैलेंद्र शुक्ला, विवेक शुक्ला, दुर्गेश त्रिवेदी, मनीष मिश्रा, भूपेंद्र बाजपेई, सुशील तिवारी, संजीव मिश्रा, धीरज दिवेदी, अखिलेश मिश्रा, अरुण निगम, डॉ. मधु कामरा, प्राचार्य ललित कुमार वर्मा, अध्यक्ष बक्शी सृजनपीठ ओम प्रकाश साहू, अध्यक्ष, पूरवाही एवं बड़ी संख्या मे साहित्यकार शोध छात्र एवं साहित्य प्रेमियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

# सोमनाथ में महाकाल सेना ने अर्पित किया ध्वज



राजनांदगांव/सोमनाथ (दावा)। महाकाल सेना ने आज गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते हुए मंदिर शिखर पर पवित्र ध्वज अर्पित किया। सेना के संयोजक पवन डागा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज को बाबा के शिखर पर चढ़ाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज पूजन से हुई, जिसके बाद पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज को मंदिर शिखर पर लहराया गया। भक्तों ने 'हर हर महादेव' के जयकारों के साथ इस पल को अविस्मरणीय बनाया।

इस अवसर पर जयेश चतवानी, विष्णु साव, राजू डागा, संजय तेजवानी, अशोक पांडे, राकेश यादव, टेकचंद साहू, हिमांशु गुप्ता, सागर गुप्ता, मोनू पांडे, अंकित, शेखर लश्करे, संजू बघेल, शरद सिन्हा और चेतन साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महाकाल सेना संयोजक पवन डागा ने कहा सोमनाथ बाबा के चरणों में ध्वज अर्पित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह ध्वज हमारे आस्था, एकता और संकल्प का प्रतीक है। धार्मिक आयोजनों में ध्वज अर्पण केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज में आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। महाकाल सेना का यह कदम युवाओं को अपनी संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश देता है। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया प्रचार प्रसार प्रभारी ने दी।

# स्वास्तिक सोलर के जयेश भाई परमार का चैंबर ऑर्फ कॉमर्स ने किया सम्मान

**राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर की उच्च क्वालिटी के साथ बेस्ट इंस्टॉलेशन अवार्ड मिलने पर शहर के व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राजनांदगांव के संस्थान स्वास्तिक सोलर के प्रबंधक जयेश परमार को सम्मानित किया।**




चैंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में जयेश परमार को सम्मानित किया था। कमलेश वेद ने बताया कि आज अपने घर में बिजली बनाकर सरकार को बिजली बेचने की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार अपने घर में सोलर प्लांट लगा रहे हैं। इस कड़ी में जयेश परमार ने विगत 10 वर्षों से सोलर में अपनी बेहतरीन विश्वसनीयता के साथ लोगों का दिल जीता है और इसलिए उनका चयन प्रदेश में दूसरे स्थान पर किया गया है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला महामंत्री अरुण डुलानी ने बताया कि आज सभी पदाधिकारियों ने जयेश परमार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उचित प्रबंधन एवं कुशल गुणवत्ता हेतु प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने की अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

शुभकामना देने वालों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, चेंबर के वरिष्ठ सलाहकार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्डा, राजा माखीजा, भीमन धनवानी, प्रदेश मंत्री तरुण लहरवानी, अमर लालवानी, चेंबर के महामंत्री अरुण डुलानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, राजकुमार बाफना, हरीश मोटलानी, रानू जैन, महेंद्र बैद, कुणाल शर्मा, नलिन कोठारी, विजय कांकरिया, जितेश पटेल सहित चेंबर के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा ने शुरू किया आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी रिफॉर्म अभियान

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा केंद्रीय आवाहन के तहत भारत को 2047 में विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रही है। जिसके तहत देश को आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए एक अभियान प्रारंभ किया गया है । जिसमे लोकल फॉर वोकल के तहत स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के नाम से समिति का गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार संयोजक अमर लालवानी को बनाया गया है। सह संयोजक विनोद डड्डा, सतीश पांडेय श्रीमती सुधा पवार एवं रोहित माखीजा को बनाया गया है।



**आलोक बने संयोजक**

इसी तरह से 22 सितंबर से जीएसटी की दरों में परिवर्तन करते हुए केंद्र सरकार ने जीएसटी स्लिप को दो श्रेणियां में बनता है। इसके परिणाम स्वरूप देश की मुद्रा स्मृति में जो परिवर्तन आएगा। उसे गति देने हेतु व्यापारियों के बीच जागरूकता लाने हेतु जीएसटी रिफॉर्म प्रचार अभियान के नाम से समिति का गठन किया गया है। इसके संयोजक आलोक बिंदल, सह संयोजक तरुण लहरवानी, कमल किशोर साहू एवं राजेश बाफना बनाए गए हैं। इस समिति के तहत व्यापारी भाइयों में जीएसटी को सरल माध्यम से समझाते हुए ज्यादा से ज्यादा संस्थानों को जोड़ते हुए इसका प्रचार-प्रचार करने की महती जवाबदारी होगी। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी, राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव ने दोनों समितियां के पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए अपने कार्य में जुट जाने का आह्वान किया है।

# सीबीएसई अंडर-19 बास्केटबॉल गर्ल्स चैंपियनशिप में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल स्कूल की जीत

राजनांदगांव (दावा)। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित सीबीएसई अंडर-19 नेशनल बास्केटबॉल गर्ल्स चैंपियनशिप में डॉ.जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।



### मैचों में शानदार प्रदर्शन

स्कूल की टीम ने लीग मैचों में अपनी मजबूत स्थिति का प्रदर्शन करते हुए निम्नलिखित मैच जीते - डीएवी पब्लिक स्कूल, मोगराप्पाइर, चेन्नई के खिलाफ 22-47 से जीत, बाल भारती स्कूल, पितामपुरा, दिल्ली के खिलाफ 35-53 से जीत।

प्री-क्वार्टर फाइनल में स्कूल की टीम ने पाइन ग्रोव स्कूल, हिमाचल प्रदेश को 45-17 से हराया, जबकि क्वार्टर फाइनल में द गॉर्जियन स्कूल, हैदराबाद को 54-29 से मात दी। सेमीफाइनल में स्कूल की टीम ने सेंट एडमंड स्कूल, जयपुर को 51-25 से हराया, जबकि फाइनल में बाल भारती स्कूल, पितामपुरा, दिल्ली को 60-49 से मात देकर चैंपियनशिप अपने नाम की।

### टीम के सदस्य और कोच

स्कूल की टीम में आयुषी पटेल, ईशा सिंह, निशा यादव (कप्तान), नताशा प्रजापति, पूजा कंवर, मनु सिंह, सुमी मिर्धा, अंजलि यादव, तमन्ना डालाल, तन्नू डालाल, श्रुति मिश्रा और हर्षिका राठी शामिल थीं। टीम को कोच दिव्या धरावथ और मैनेजर अवनि यादव का मार्गदर्शन मिला।

### दी बधाई और शुभकामनाएं

स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी और निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह,मनीषा सिंह, इला सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, अकैडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, प्राचार्या एकता खण्डेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा और इमरान जिंदरान, अशिता यादव ने टीम को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# नाबालिक बालिका से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को धर दबोचा है और उसे न्यायिक हिरासत में जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

चौकी चिखली उप-निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि गत 12 सितंबर को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति पिछले 7 सितंबर को बहला फुसला कर भगाकर अपहरण कर ले गया है कि रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामला गंभीर अति संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया व पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं



नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में तत्काल चिखली पुलिस टीम तैयार कर अपहृता की पतासाजी किया गया। जिसमें अपहृता को राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन रोड के पास मे आरोपी युवान उर्फ शिवा बांसफोड़ के कब्जे से बरामद किया गया। पुलिस ने पीड़िता के कथन पर आरोपी के विरूद्ध धारा 64(2)(ड), 87 बीएनएस 4,6 पाक्सो एक्ट शामिल कर आरोपी युवान उर्फ शिवा बांसफोड़ पिता चंदन बांसफोड़ उम्र 20 साल निवासी बीएनसी मिलचाल थाना कोतवाली को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल दाखिल कर दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में, चौकी प्रभारी उप निरीक्षक श्री मरई सहित महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, आरक्षक मनोज जैन, आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, नागेश्वर साहू, गोपाल पैकरा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जेल में गैंगवार : एक गुट ने दूसरे गुट के युवक पर हथियारों से किया जानलेवा हमला

राजनांदगांव(दावा)। जिले की जिला जेल में आज एक सनसनीखेज घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जेल के अंदर कैदियों के बीच भड़की गैंगवार में युवराज राजपूत नामक कैदी पर 4-5 अन्य कैदियों ने धारदार हथियारों से क्रूर हमला कर दिया। हमलावरों ने युवराज के चेहरे और पीठ पर कई वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद युवराज के साथी कैदी और परिजन कोतवाली पहुंचे, जहां उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि हमला जेल में चल रही गुटबाजी और पुरानी रंजिशों का परिणाम है। दोनों पक्षों के कैदी आदतन अपराधी माने जाते हैं, और यह मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जेल प्रशासन ने घटना की आंतरिक जांच शुरू कर दी है, जबकि पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अनमोल दावा

**"नियत साफ रखो सब अपने आप बदल जायेगा।**

## सम्पादकीय

# राजनीति में इस्तेमाल एआई और भारत

अमेरिका के आर्टिफिशियल इंटेलिजैंस साफ्टवेयर जैसे चैट जीपीटी, ओपन एआई, जैमिनाई और चीन के डीपसीक से भारत को परेशान होने की जरूरत नहीं है. अमेरिका और चीन आजकल कम्प्यूटिंग पावर में एक दूसरे के प्रबल प्रतिद्वंद्वी बन रहे हैं और उन के प्रोग्राम व साफ्टवेयर लाखों करोड़ों की गिनतियां सैकडों में करने के काबिल हैं.

अमेरिका को जो गुरूर अपने सैम ऑल्टमैन के ओपन एआई पर हो रहा था उसे चीन के लियांग वानफेंग ने पंचर कर दिया है. उसने बहुत सस्ते में एआई टूल बनाकर निविदिया कंपनी के शेयर को भारी टक्कर मार दी है और 2 दिनों में अमेरिका की हाईटैक एआई कंपनियां स्टौक मार्केट में अरबों डालर खो चुकी हैं.

भारत को चिंता नहीं है क्योंकि हम तो यह खोज में ही लगे हैं कि कौन-सी मस्जिद के नीचे मंदिर है और वहां पर भी सबसे ऊंचा, मंदिर बनाया जाए. साथ ही, कुंभ स्नान को कैसे वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर बनाया जाए. ये सब काम हमारे लिए प्राथमिकता रखते हैं जो मानवता को मूर्ख बनाकर चढ़ावे में नोट/वोट दोनों जमा कर रहे हैं. चीन और अमेरिका इन दोनों मामलों में फिसड्डी हैं। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप की सरकार के अब के कार्यकाल में कुछ कामों के होने की संभावना है जिनसे गोरों की जिंदगी और उनके चर्च सुधरें.

एआई चाहे एक खतरनाक टूल हो जो अरबों की नौकरियां खा जाए पर यह भी संभव है कि वह रोटी, कपड़ा, मकान, स्वास्थ्य इतना सस्ता और सुलभ कर दे कि नौकरी से निकाले गए लोगों के पास भी भरपूर पैसा व सुविधाएं बनी रहें. चीन इस मामले में आगे निकल गया है तो कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि वहां न चर्च है, न गोरोंकालों का भेद और न ही टैक कंपनियों के मालिक प्रैसिडेंट के तलवे चाटते नजर आते हैं.

एआई आज हर चीज में काम का है. इसमें चाहे जो खराबी हो, यह स्टीम इंजन की तरह का आविष्कार है, जिसने कभी लाखों घोड़ों को नौकरी से निकाल दिया पर लोगों को एक दूसरे के पास कर दिया. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया भर की जानकारियों को मिनटों में समेट व उन्हें छांट कर आपके काम के लायक बना देगा. वह गहरी खानों में मशीनों को चला सकेगा, बिना पायलटों के हवाई जहाज उड़ा देगा, बिना किसानों के अनाज पैदा कर देगा. इसमें माहिरता वैसी ही होगी जैसी बंदूकों में थी जिनके सहारे गोरे यूरोपियों ने भारत, चीन, जापान, अफ्रीका, उत्तर दक्षिण अमेरिका पर कब्जा किया. आज यह आर्टिफिशियल इंटेलिलैंस की बंदूक चीन और अमेरिका के पास है. हम उनका मुकाबला करेंगे राम मंदिर के दर्शन करके और कुंभ के गंदले पानी में डुबकी लगाकर.

बिहार में निकटतम चुनाव के मुद्देनजर कांग्रेस ने पी.एम. और उनकी मां का ए.आई. विडियो बनाकर नोटबंदी की याद ताजा की और राजनीतिक के गिरते स्तर का परिचय कराया। अब इस पर सियासत गर्मा गई है। इसे नई बोतल में पुरानी शराब कह सकते हैं।

# हिंदी राष्ट्रभाषा या राजभाषा



**मदन मंडावी**

भाषा-भाषा वह साधन है, जिसमें मनुष्य अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। जिसमें ध्वनि, शब्द और व्याकरण शामिल होते हैं। जो किसी वस्तु या विचार का प्रतिनिधित्व करते हैं। भाषा परंपरा से प्राप्त होती है और पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती है।

हिंदी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में देश की आधिकारिक (राजभाषा) के रूप में स्वीकार किया था। हिंदी अनेक बोलियों का समूह है । वह प्रत्येक भाषा जो जब तक लिपि ना बन जाए बोली ही कहलाती है। हिंदी का उद्भव और विकास एक संस्कृत आधारित लंबी प्रक्रिया है जिसमें पाली ,प्राकृत और अपभ्रंश भाषाओं से होते हुए वर्तमान रूप में आई इसका विकास (1000 ई. इ1500 ईस्वी) में डिंगल पिंगल और ब्रज, अवधी जैसी बोलियों के रूप में हुआ। मध्यकाल में खड़ी बोलियों का उदय हुआ। प्राचीन भारतीय भाषा में संस्कृत को हिंदी की जननी मानी जाती है, हिंदी भाषा जिसमें कई भाषाओं और संस्कृतियों का प्रभाव देखने को मिलता है। भाषा किसी जाति धर्म की नहीं होती उस परिवेश में रहने वालों की होती है। भाषा अर्जन के चरण है-रोने और कुइंग (ध्वनि निकालना) की अवस्था बबलाना (बड़बड़ाना) एक शब्द, दो शब्द चरण, टेलीग्राफिक भाषण और अंतिम में वाक्यों का निर्माण करना यह एक क्रम है जहाँ बच्चा ध्वनियाँ से शुरू करके धीरे-धीरे शब्दों और वाक्य को बनाना सीखता है। लगभग 12 से 18 महीने की उम्र में बच्चे अपने पहले शब्द बोलने लगते हैं। मनुष्य के अलावा जीव-जंतु, पशु-पक्षियों के भी अपनी अलग भाषा है।

**आज हिंदी×राजभाषा दिवस पर विशेष**

**हिंदी की उत्पत्ति-**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली भाषा हिंदी की उत्पत्ति आदिकाल से माना जाता है। जो भारतीय उपमहाद्वीप की प्राचीन भाषा संस्कृत से हुई है जिसमें कई विदेशी भाषा फारसी, अरबी, तुर्की, पुर्तगाली, अंग्रेजी भाषाओं का प्रभाव पड़ा। यहां इंडो यूरोपीयन भाषा परिवार का हिस्सा है। हिंदी भाषा की उत्पत्ति सिंधु नदी से हुई है। ईरानी भाषा में 'स' का उच्चारण 'ह' किया जाता था, इसलिए सिंधु शब्द हिंद बन गया। हिंदी संस्कृत की वंशज है जो एक प्राचीन भारतीय भाषा है जो व्यवस्थित, सरल, लचीली, संपर्क भाषा, शब्दकोश का भंडार है।

**राजभाषा और हिंदी-**

भारत में कोई एक राष्ट्रभाषा नहीं है, क्योंकि यह विविध भाषा वाला देश है। अगर कोई मानता है तो वह भ्रांतियाँ हैं। भारत भाषा और लोक सांस्कृतिक विविधताओं का देश है। अगर आप सभी से प्रेम करते हैं तो सभी भाषाओं को भी प्रेम करना होगा। हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत में 22' भाषाओं को अलग-अलग समय में संवैधानिक दर्जा दिया गया है। जो संविधान लागू होने पर 14 भाषाएं थी, बाद में 2003 तक संख्या बढ़कर 22 भाषाओं की हो गई। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत 22 भाषाओं को मान्यता प्राप्त है जिनमें-(1) असमिया (2) बंगाली (3) हिंदी (4) गुजराती (5) कन्नड़ (6) कश्मीरी (7) कोंकणी (8) मणिपुरी (9) मलयालम (10) मराठी (11) नेपाली (12) उड़िया (13) पंजाबी(14) संस्कृत (15) सिंधी (16) तमिल (17) तेलुगू (18) उर्दू (19) बोडो (20) डोगरी (21) मैथिली (22) संथाली।


भारत में लगभग 53' करोड लोग हिंदी बोलते हैं जो कुल आबादी का लगभग 43.63 प्रतिशत है । हिंदी उत्तर भारत की आम भाषा है। देश में मातृभाषी वक्ता के रूप में 34.5 करोड़ लोग हैं। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 40' अन्य भाषाओं को शामिल करने की मांग की जा रही है। भारत की आधिकारिक भाषाएँ हिंदी और अंग्रेजी है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय सहित देश के कई न्यायालयों में अंग्रेजी ही मुख्य भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है।

**विश्व में भाषाएँ-**

किसी भी भाषा का आविष्कार नहीं होता समय के साथ बोलने-लिखने से विकसित होती है। वर्तमान परिदृश्य में लिखित रूप से 1637 भाषाएं हैं । अनुमान किया जाता है कि विश्व इतिहास में मानव ने लगभग 31,000 (इकतीस हजार) भाषाएँ रची और विकसित किया। विश्व की सबसे पुरानी भाषा सुमेरियन या तमिल (3500ई .पू.) को बताया जाता है। दुनिया में लगभग 7,000 से अधिक भाषाएँ बोली जाती है जिनमें से एथनोलॉज के अनुसार वर्तमान में 7,159 'भाषाएं प्रयोग में है। इनमें से अधिकांश भाषाओं का उपयोग बहुत कम लोगों द्वारा किया जाता है ,और लगभग 44त्न भाषाएँ लुप्तप्राय है। कुछ जानकारों के अनुसार प्रतिवर्ष 9' भाषाएँ लुप्त होने का आकलन किया गया, जो 2080 तक प्रतिवर्ष 16 भाषाओं के लोप होने तक पहुँच सकता है।

ढारा, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़।

# हिंदी दिवस की रोचक यादें



**शंकर मुनि राय 'गड़बड़'**

सितंबर का महीना आते ही हिंदी आना माहौल बन जाता है। हर बड़ा आदमी बच्चों को बताने लगता है कि हिंदी अपनी राश्ट्रभाशा है। बोलना चाहिए सभी को, लिखना-पढ़ना सब हिंदी में ही करना चाहिए। स्कूलों में भाशण, निबंध, कवितापाठ आदि का आयोजन होने से हमें अपनी हिंदी पर गर्व होने लगता है। पड़ोस के मास्टरजी, सरपंचजी, नेता, मंत्री, विधायक, सांसद, महापौरजी सभी अपना भाशण लिखवाने के लिए मुझे याद करते हैं। तब मुझे अपनी हिंदी से अधिक हिंदी षिक्षक होने पर गर्व होने लगता है।

हिंदी दिवस के दिन जब लोग मेरे सामने संभल-संभल कर हिंदी बोलते हुए मुझे हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देने लगते हैं तब तो एकदम ही विष्वास हो जाता है कि हमारी राश्ट्रभाशा हिंदी ही है और मैं इस देष का बहुत भाग्यषाली इंसान हूं। पर एक बात और है, जिस किसी का भाशण मै नहीं लिख पाता हूं वे मुझे यह भी बताते हैं कि हिंदी के असली दुष्मन हिंदीवाले ही हैं। पड़ोस की मैडमजी जो अपने ही देश के किसी गांव से अंग्रेजी पढ़कर टीचर बनी हैं, बड़े दुख के साथ बताती हैं कि हिंदी से उन्हें बहुत प्रेम था पर पढ़ नहीं सकीं। इसीलिए जब कभी उन्हें बिना मतलब की छुट्टी लेनी रहती है तब मेरे पास हिंदी में आवेदन लिखवाने आ जाती हैं। कहती हैं कि उनके प्रिंसिपल को अंग्रेजी नही आती है, इसलिए हिंदी में ही आवेदन स्वीकृत करते हैं।

ऐसे वक्त पर मुझे अपने बचपन के दिन याद आ जाते हैं, जब सारे विशय भोजपुरी में ही पढ़ाये जाते थे। हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत सहित मैथ्स, फिजिक्स और अलजेबरा आदि सभी हमारे गुरूवर लोग अपनी मातृभाशा भोजपुरी में ही पढ़ाने में पारंगत थे। फिर भी अपने को किसी की भाशा समझने में दिक्कत नहीं आई। हां, एक बात याद आई। हमें भी बताया गया था कि हिंदी दिवस को हिंदी ही बोलनी चाहिए। तब उस दिन हमलोग बहुत ही सहज रूप से बातचीत करने के लिए बाध्य हो जाते थे। किसी के मुंह से ऐसे शब्द सुनने के लिए ध्यान लगाये रहते थे, जिसके आधार पर उसे अंग्रेज की औलाद साबित किया जा सके। आठवीं कक्षा की बात है। दो मित्र एक शब्द को लेकर विवाद में फंस गये थे। इंजीनियर को हिंदी में क्या कहा जाता है? विवाद बढ़ने का कारण यह था कि एक ने कहीं 'यंत्री' तो दूसरे ने 'अभियंता' पढ़ लिया था। एक तीसरे से पूछ कर और उलझ गये थे दोनो। क्योंकि उसने 'अभियंत्रक' बता दिया था।

विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाईकोर्ट से सुप्रिमकोर्ट, मतलब कि हमारे 'ओज सर' तक पहुंच गया। ओज सर अर्थात हमारे अंग्रेजी सर कामेष्वर प्रसाद सिंह। वे बीएचयू से पढ़े थे और अंग्रेजी शब्दों का उच्चरण ऐसे करते थे कि हमें जो शब्द मालूम थे उसे भी भूल जाते थे। वे 'ही वाज' को 'ही वॉज' बोलते थे। इसलिए हमलोग आपस में उन्हें ओज सर के रूप में जानते थे। अपनी इसी अंग्रेजीयत के कारण वे स्कूल सहित इलाके में षेक्सपीयर माने जाते थे। जब उन तक विवादित मामला गया तब उन्होंने दोनो को एक-एक तमाचा लगाते हुए बताया था कि इंजीनियर को हिंदी में भी इंजीनियर ही कहा जाता है। सच पूछिए तो मुझे उसी दिन से हिंदी समझ में आने लगी। पर बाद में जब शिक्षक बना तो पता चला कि दुनिया के लोगों को भले हम हिंदी पढ़ा दें, अपने घर में मुष्किल है।

याद है कि हिंदी दिवस के दिन हिंदी में अपना नाम लिखने और हस्ताक्षर करने के लिए मेरे कुछ सहपाठी मुझसे ही हिंदी सीखते थे। और फिर मुझे यह सीख देते थे कि मुझे भी उस दिन हिंदी में ही लिखने पढ़ने की कसम खानी चाहिए। संयोगवष गिरधारी पंडित से जुड़ा एक प्रसंग याद आ रहा है। हिंदी को राश्ट्रभाशा बताकर उन्हें इतना राश्ट्रभक्त बना दिया गया था कि हिंदी दिवस को वे अंग्रेजी नहीं बोलने के लिए कसम खा चुके थे। जिस बोलचाली अंग्रेजी को लेकर अटकते उसका हिंदी अनुवाद इषारे से पूछ लेते। इसके बाद ही आगे बोलते थे। इसी बहाने उनके पास संस्कृतनिश्ठ शब्दों का अच्छा कोष तैयार हो गया था।

एक बार वे हिंदी दिवस के दिन मिस्त्री के पास पहुंचे और उससे हिंदी में अपनी समस्या इस प्रकार बताने लगे-''भो यांत्रिक महोदय! मेरी द्विचक्र-वाहिनी त्रिचक्र-वाहिनी से टक्कर खा चुकी है, जिसके कारण उसका अग्रचक्र थोड़ा वक्र हो गया है। उसे सुचक्र करने के लिए कितनी मुद्रा ग्रहण करेंगे?'' यह सुनकर मिस्त्री उन्हें अचरज से एकटक देखते हुए बोला-''पंडितजी! क्या बात है? रोज तो आप हिंदी बोलते हैं, पर आज अचानक अंग्रेजी क्यों बालने लगे हैं!''

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय,
राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)

## विचार सरिता

# लघु उपन्यास यशस्विनी : अध्याय 17 : खतरे का कुछ क्षण पहले ही पूर्वानुमान



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

यशस्विनी ने असहज स्थिति से निपटने के उपाय बताने के क्रम में आगे कहाः -

''हां अवश्य, क्यों नहीं काम आएंगे?''

''उदाहरण के लिए अगर उन अपराधियों के पास पिस्टल होती और वे मुझे पिस्टल के पॉइंट पर ले लेते तो थोड़ी दूरी से निशाना लगाए जाने की स्थिति में मेरा मार्शल आर्ट क्या कर पाता?.... इसके अलावा अगर उन्होंने घात लगाकर मुझ पर हमला किया होता...पहले मैंने उन्हें दूर से भी नहीं देखा होता.. अचानक वे मेरे पीछे आकर प्रहार करते और मैं असावधान सी उनके हमले का शिकार हो जाती'' मीरा ने अपनी व्यथा बताई।

यशस्विनी ने उसे समझाते हुए कहा, ''देखो मीरा मैं यह नहीं कहती हूं कि कलियरपट्टू या ऐसे मार्शल आर्ट पूरी तरह से फूल प्रूफ हैं, अर्थात वे हर तरह के हमले का जवाब देने में सक्षम हैं. यह कहना भी अवैज्ञानिक होगा कि हम कोई मंत्र पढ़े व चमत्कार हो जाए और पिस्तौल से दागी गई गोली छूटे ही न या अगर गोली दागी भी गई तो रास्ते में डायवर्ट हो जाए और तुम्हारे शरीर को न लगे।'' ''दीदी आखिर इसका समाधान क्या है? अर्थात खौफ के साये में तो हमें जीते ही रहना रहना होगा... अगर किसी ने हमारे आने जाने के समय की रेकी कर ली है तब तो हम परेशानी में कभी भी पढ़ सकते हैं.''

''सबसे पहले तुम्हें जो कहना चाहूंगी उसे तुम्हें सुनकर आश्चर्य होगा लेकिन सावधानी सबसे बड़ी सुरक्षा है इसका तुम ध्यान रखो। हम स्वतंत्र हैं, कहीं भी कभी भी आ जा सकते हैं, यह सोच कर मूर्खता वाली वीरता दिखाने की जरूरत नहीं है अर्थात समय से घर लौटने की कोशिश करना... असमय में असुरक्षित और सुनसान रास्ते का प्रयोग करने से बचना। ये सब महिलाओं के लिए ही क्यों, पुरुषों के लिए भी तो आवश्यक हैं।पुरुष भी तो लूट हमले का शिकार होते हैं।''

मीरा ने मामले की गंभीरता को समझते हुए कहा- ''हां आप सही कह रही हैं दीदी।'' ''कहीं जाओ और वह नियमित आने जाने से अलग हटकर है तो घर के लोगों और परिचितों को बता कर जाओ। वापस लौटने की संभावित अवधि भी बता कर जाओ। मोबाइल फोन से अपनों के संपर्क में रहो। पैनिक बटन का इस्तेमाल जानो ताकि इमरजेंसी होने पर तत्काल तुम्हें मदद पहुंच सके और... यह बात तुम्हें अटपटी लगेगी लेकिन अपने पर्स में मिर्च पाउडर, छोटा चाकू आदि रखने में भी कोई बुराई नहीं है.. अगर तुमसे एक व्यक्ति लड़ने आए मीरा तो तुम उसे पछाड़ दोगी लेकिन एक से अधिक अपराधी हैं तो इस तरह के सुरक्षात्मक उपायों और चीजों का प्रयोग करने में कहीं से कोई बुराई नहीं है।'' ''आप ठीक कह रही है दीदी...और क्या योग, प्राणायाम, ध्यान से भी हमारे शरीर में ऐसी क्षमता जाग्रत होती है कि हम इस तरह के खतरों और हमलों को नाकाम कर दें..''

''हां अवश्य होती है मीरा जब तुम ध्यान के चक्र में ऊपर उठती जाओगी तो तुम्हारी छठी इंद्री भी जाग्रत होगी और इस तरह के किसी भी संभावित हमले का संकेत तुम्हें प्राप्त हो सकता है।.. हम अपने आसपास के अच्छे लोगों की सकारात्मक तरंगों को भी उनके आने से पहले ही जान जाते हैं और बुरे लोगों के इरादों और उनके आसपास उपस्थिति को भी उनकी नकारात्मक तरंगों के माध्यम से जान जाते हैं। ऐसा तुमने भी कई बार अनुभव किया होगा हालांकि ठीक-ठीक खतरे का अनुमान लगाना साधना के ऊंचे स्तर पर ही संभव है और मैं तुम्हें इस पर फोकस करने के लिए कह भी नहीं रही हूँ.।

ऐसा कहती हुई यशस्विनी थोड़ी देर के लिए रोहित के ख्यालों में डूब गईज. जब कल शाम वह ऑफिस में बैठकर कुछ कार्य कर रही थी तो उसे ऐसा लगा कि रोहित थोड़ी ही देर में यहां पहुंचने वाला है और सचमुच ऐसा हो ही गया...लगभग 5 मिनट के भीतर रोहित दरवाजे पर खड़ा मुस्कुरा रहा था... ''में आई कम इन यशस्विनी...''

यशस्विनी ने मीरा को आगे समझाते हुए कहा. और हमें अपने कानून एवं व्यवस्था पर भरोसा करना चाहिए। हमारा देश और हमारा समाज अभी इतना असुरक्षित नहीं हुआ है.... थोड़े खतरे तो अवश्य हैं लेकिन बाकी देशों की तुलना में कम ही हैं मीरा..।

''समझ गई दीदी, इसीलिए मेरी छठी इंद्रिय उस दिन मैदान पर मुझसे हमले के ठीक एक सेकंड पहले ही जाग गई थी और मैंने तत्काल झुक कर उस बड़े हमले से अपने को बचा लिया था..''

''हां पर सावधानी बरतते रहनी चाहिए मीरा। वैसे अपने अगले साप्ताहिक आलेख में मैं सभी बच्चों के माता-पिता से यही अपील करने जा रही हूं कि अपने घर के लड़कों को घर में ही महिलाओं और लड़कियों का सम्मान करना सिखाएंगे तो ये बाहर जाकर ऐसी कायराना और शर्मनाक हरकत नहीं करेंगे... और मीरा सभी लड़के भी ऐसे नहीं होते... अधिकांश अच्छे हैं... कुछ ही ने पूरे माहौल को बिगाड़ रखा है।''

यशस्विनी की बातों से मीरा को अत्यंत सहायता मिली और नैतिक रूप से उसका मनोबल अत्यंत उच्च हुआ।उसे बहुत धन्यवाद देते हुए मीरा चली गई लेकिन जाने से पहले उसने यशस्विनी से यह आश्वासन लिया कि जब भी उसे आवश्यकता होगी, वह सहायता अवश्य देगी, इस पर यशस्विनी ने हँसते हुए कहा-अरे हाँ, क्यों नहीं? तुम मेरी शिष्या जो हो। फरवरी 2020 के दूसरे सप्ताह में एक खबर पर यशस्विनी का ध्यान अटक गया। उसने ध्यान से पढ़ा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नोबेल कोरोनावायरस बीमारी को एक महामारी घोषित किया। विश्व स्वास्थ्य संगठन कुछ रोगों को लेकर पहले के वर्षों में ऐसा कर चुका था और उसने इस मामले को बहुत गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन कुछ देर के लिए वह विचार में डूब गई। कहीं स्वाइन फ्लू, इबोला वायरस जैसी एक और बड़ी बीमारी तो विश्व में दस्तक नहीं दे रही है? उसे याद आया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 11 वर्ष पहले एच 1, एन 1 बीमारी को लेकर पांचवी बार आपात स्थितियों की घोषणा की थी और अब यह छठी स्थिति है। यशस्विनी ने अखबार ध्यान से पढ़कर तारीख को देखा। यह 30 जनवरी 2020 अर्थात लगभग 12 से 13 दिन पहले की घोषणा है। उसने सोचा यह निमोनिया का ही एक प्रकार होगा और भारत में पिछली बीमारियों ने बहुत बड़े पैमाने पर दस्तक नहीं दी थी, इसलिए यशस्विनी ने इस खबर पर विशेष ध्यान नहीं दिया।

बसंत पंचमी के बाद मौसम में परिवर्तन होने लगा था और कड़ाके की ठंड के बाद अब धीरे-धीरे वातावरण में थोड़ी उष्णता का अहसास होने लगा था। साधना के स्तर पर यशस्विनी और रोहित दोनों ही ऊपर उठ रहे थे।दोनों के हृदय में एक दूसरे के लिए प्रेम का अंकुरण हो चुका था लेकिन दोनों ही इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं थे। प्रेम के साथ यही एक विशेष बात है कि यह जीवन में कल्पनाएं लेकर आता है,मनुष्य को सपनों की दुनिया में विचरण कराता है पर यथार्थ में उसे परिलक्षित होते हुए देखना उतना ही कठिन होता है। (क्रमशः)

**(योग, ध्यान और विभिन्न साधना चक्रों का योग्य गुरु की उपस्थिति में ही अभ्यास करें।)**

## सामयिक चर्चा

### 1- यही क्या कम है

एक बूढ़े ने कहा
''हिन्दी! तेरी हालत पे
दिल हिलता है।
बस एक दिन तू
सम्मान से खिलता है।''
हिन्दी ने हॅस के कहा-
बाबा! यही क्या कम है,
कि एक दिन तो
हमें मिलता है।

### 2-साहब का हिन्दी प्रेम

साहब हिन्दी दिवस पर प्रसन्न थे।
अपनी कुर्सी पर बैठते ही
उन्होंने स्टेनो को बुलाया।
'आज से आफिस का सारा काम
हिन्दी में होगा' - आदेश लिखाया।
स्टेनों खुश-खुश आदेश लाया
बढ़िया सुन्दर टाइप कर।
साहब ने चट अंग्रेजी में किया
अपना घुमावदार सिगनेचर
आर.आर. शंकर।

### 3- हिन्दी की चाहत

अंग्रेजी एक अदा से झूमती हुई स्टेज पर आई।
लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता छाई
वे एकदम हो गये खड़े।
कुछ उसके स्वागत में आगे बढ़े।
एक ने उसको टीका लगाया दूसरे ने माला पहनाया।
अंग्रेजी, हिन्दी को कोने में चुपचाप
खड़े देख मुस्कराई।
हिन्दी के मुख पर उदासी छाई।
मनही मन बोली - ''ये मुई अंग्रेजी
हमारे भारत से कब जाएगी
और कब हमारे सम्मान की बारी आएगी।



गिरीश बख्शी

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये महत्वपूर्ण रहेगी। आज आपके भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आपको ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण मामले पर कुछ खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा लेना चाहिए।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में शहर से बाहर जाना पड़ सकता है। इस राशि के छात्रों के अंदर कॉम्पिटिशन के प्रति जागरूकता पैदा होगी।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी आज आपको खुशियाँ देंगे। आज कार्यों में माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा, जिससे आपके काम समय से पूरे हो जायेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आज अपनी जरुरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन काफी अच्छा रहने वाला है, पार्टी में कोई नयी जिम्मेदारी मिलेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। आज कोई शुभ समाचार मिलने के संकेत नजर आ रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आयेगा। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी ।

**तुला** — आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों के झंझट में पड़ने से बचना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनाओं को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बडों से कोई नई बात आप सीखेंगे। आज काफी दिनों से आपका रुका काम पूरा हो जायेगा, मानसिक शांति मिलेगी। सामाजिक तौर पर आप बहुत सक्रिय रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन उमंग से भरा रहेगा। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आयेंगे। आप अपनी बातों को अपने पिता से जरूर शेयर करें, इससे जीवन में चल रही परेशानियों का हल मिलेगा। मिल-जुल कर किये गए कार्यों में आपको बहुत हद तक सफलता मिलेगी। निवेश के मामले में आपको घर के बड़ो से कोई नई सलाह मिलेगी।

**धनु** — आपका मन ईश्वर की भक्ति में लगा रहेगा, आप किसी मंदिर जा सकते हैं जहां आपको ख़ुशी मिलेगी। करियर में आप नये आयाम स्थापित करेंगे। आज आप नई जिम्मेदारी लेने में थोड़ा संकोच करेंगे। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। दोस्तों के साथ पुरानी बातें याद करते हुए समय बितायेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आज कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज आर्थिक मामलो में माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा दोस्तों से भी मदद मिलेगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज आपको कारोबार में पैसा लगाने से पहले बडों की राय लेना बेहतर साबित होगा। आज आप बड़े बुजुर्गों के पैर छुएं, धन-धान्य में बढ़ोतरी होगी। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।

**मीन** — आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बडों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्ते में नयापन आयेगा। आज आपको समाजिक कार्यो में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।

# मेगा स्वास्थ्य शिविर में 2143 मरीज पहुंचे, मिला स्वास्थ्य लाभ

## मासूम का नहीं बन पाया विकलांगता प्रमाण पत्र



डोंगरगांव (दावा)। नगर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा शिविर का आयोजन शहर के मध्य जैन भवन में किया गया। शनिवार को आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लिया।

बता दें कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर डोंगरगांव में विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें रोग विशेषज्ञों की टीम मरीजों का इलाज के साथ-साथ उचित परामर्श मिला। शिविर में गैर संचारी रोग जांच एवं उपचार (ब्लड प्रेसर, सुगर, कैंसर), रक्तदान माह शिविर, चिकित्सा विशेषज्ञ के द्वारा जांच, चर्म रोग जांच एवं उपचार, दंत परीक्षण एवं उपचार, नेत्र परीक्षण एवं उपचार, सिकलिंग, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप जांच, नाक, कान एवं गला रोग जांच, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, अस्थि रोग जांच एवं उपचार, क्षय रोग जांच एवं उपचार, मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति कॉउंसलिंग, आयुष्मान, वयवंदन एवं सामान्य आयुष्मान कार्ड पंजीयन, वयोवृद्ध हेतु सेवाएं शामिल हैं। इसके साथ ही शिविर में जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मा का वितरण किया गया। वहीं शिशिर में विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. बी.के. बेनर्जी (मनोरोग विशेषज्ञ), डॉ. अनिल महाकालकर (अस्थि रोग विशेषज्ञ), डॉ. बी.एल. तुलावी (नाक, गला व कान विशेषज्ञ), डॉ. खुमान सिंग मंडावी (मेडिसीन विशेषज्ञ), डॉ. भानुप्रिया चौधरी (नेत्र रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. निधि गजभिये (स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने अपनी सेवाएं दी। वहीं साईट सेवर इंडिया एनजीओ के व्दारा दूर-पास के नेत्र मरीजों को जांच के बाद चश्मा का वितरण किया गया। इस संबंध में बीएमओ डॉ. रागिनी चंद्र ने बताया बीपी के 346 मरीज, शुगर के 302, मेडिसिन के 201, हड्डी रोग के 96, स्त्री रोग के 34, मानसिक रोग के 34, नेत्र रोग के 146, नाक-कान-गला रोग 56 तथा अन्य मरीजों में 768 कुल 2143 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया गया है। इसके साथ ही 13 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 18 लोगों ने रक्तदान किया है। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर जिला व जनपद के जनप्रतिनिधि शामिल हुए. साथ ही बताया कि गंभीर मरीजों के जांच उपरांत उन्हें 17 तारीख को राजनांदगांव मेडिकल कालेज शिविर में जांच के लिए ले जाया जाएगा। डोंगरगांव में आयोजित शिविर में इलाज की आस में पिता के साथ पहुंचे एक मासूम का विकलांगता प्रमाण पत्र नहीं बन पाया। जैन भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मटिया निवासी भूपेन्द्र पटेल अपने पुत्र कुशल पटेल के साथ पहुंचे थे। पिता के अनुसार कुशल को आंखों से संबंधित समस्या पैदा होने के बाद से है और धीरे-धीरे उनकी आंखों की रौशनी चली गई है। इसके लिए कई डॉक्टरों ने अपने स्तर पर जांच भी कर लिया है, किन्तु स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाया। इस शिविर में एक बार फिर से बच्चे के आंखों का चेकअप और विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे थे, किन्तु यहां उपस्थित डॉक्टरों के अनुसार बच्चे को दिखाई दे रहा है, बस वह प्रतिक्रिया नहीं दे पा रहा है। शिविर में उपस्थित डॉ. भानुप्रिया चौधरी आई स्पेशलिस्ट जिला अस्पताल राजनांदगांव ने बताया कि बच्चे के पिता राजनांदगांव भी चेकअप के लिए पहुंचे थे और विकलांगता प्रमाण पत्र चाह रहे थे, लेकिन अब तक सामान्य परीक्षण के अनुसार बच्चे को दिखाई दे रहा है, लेकिन प्रतिक्रिया नहीं दे रहा है। वह अपने पिता के साथ स्वाभाविक रूप से आनाजाना कर रहा है। जिसके अनुसार उसके आंख में अभी विजन है और ऐसा कोई मशीन नहीं है कि आखों की रौशनी की जांच तुरंत की जा सके। आयु बढने के बाद बच्चे की प्रतिक्रिया देने से ही सही जानकारी मिल पाएगी।

# नशे और नशाखोरों के विरुद्ध केसीजी पुलिस की सख्त मुहिम

## सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाने वाले 30 से अधिक लोगों की कराई गई परेड, दी गई कड़ी चेतावनी



खैरागढ़ (दावा)। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) पुलिस ने नशे और नशाखोरों के खिलाफ लगातार तीसरे दिन भी अपनी सख्त मुहिम जारी रखी। इस अभियान के तहत गुरुवार 12 सितंबर को पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हंगामा और हुड़दंग करने वाले 30 से भी अधिक लोगों को हिरासत में लिया। इन सभी लोगों को पुलिस द्वारा थाना ठेलकाडीह में परेड कराई गई। इस दौरान उन्हें न केवल भविष्य में ऐसी हरकतें न करने की कड़ी चेतावनी दी गई, बल्कि नशे के दुष्प्रभावों के बारे में भी समझाया गया। पुलिस ने इन लोगों से सबक के तौर पर नशे के विषय पर निबंध भी लिखवाए, ताकि वे अपनी गलती को समझें और नशा छोड़ने का संकल्प लें।

### जारी रहेगा अभियान

पुलिस ने इन लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने की भी हिदायत दी। इससे पहले इसी तरह की कार्रवाई थाना खैरागढ़ और थाना गंडई में भी की गई थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशाखोरी के खिलाफ यह अभियान पूरे जिला केसीजी में लगातार जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाना और समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाना है। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे एक नशामुक्त शहर बनाने में सहयोग करें।

# आसरा स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस



डोंगरगांव (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला आसरा के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षकों को श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र चंद्रवंशी, सरपंच शरद वैष्णव एवं विशिष्ट अतिथि संकुल प्राचार्य आर.के. तारम के साथ रेवतीरमण वैष्णव प्रधानपाठक माध्यमिक शाला, शंकरलाल साहू प्रधानपाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक बी.आर. कोठारी, चरणदास साहू, खोमेश्वर साहू, शशिप्रभा मण्डावी एवं शबनम खान की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षक दिवस का महत्व बताते हुए आशीर्वचन एवं प्रेरणा संदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर रसोईया, पालकगण एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# पितरों के नाम पर चढ़ा सब्जियों का भाव, तोरई-बरबट्टी के भाव आसमान पर



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के बाजार में पितृपक्ष पखवाड़े की शुरुआत होते ही धार्मिक महत्व वाली सब्जियों की मांग अचानक बढ़ गई है। खासतौर पर तोरई और बरबट्टी के दामों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। पिछले सप्ताह तक 30 से 40 रुपए किलो बिकने वाली तोरई अब 60 से 80 रुपए किलो में मिल रही है। वहीं बरबट्टी 40 से 60 रुपए किलो तक पहुंच गई है। उड़द दाल की मांग भी बढ़ी है और यह 110 रुपए किलो के भाव से बिक रही है।

जानकारों के अनुसार अश्विन माह के कृष्ण पक्ष में 15 दिनों तक चलने वाले पितृपक्ष में पितरों का तर्पण किया जाता है। परंपरागत मान्यता है कि पितरों को उड़द दाल, तोरई और बरबट्टी का भोग लगाया जाता है। इसी धार्मिक महत्व के कारण गंडई सहित आसपास के बाजारों में इन सब्जियों की मांग और कीमत बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर अन्य सब्जियों के दाम स्थिर हैं। टमाटर की आवक बढ़ने से उसके भाव में गिरावट आई है। पहले 60 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 40 से 50 रुपए किलो में आसानी से उपलब्ध है। इसी तरह गोभी 40 रुपए, बैंगन 40 रुपए, आलू 25 रुपए और प्याज 25 रुपए किलो बिक रहे हैं। सब्जी व्यापारी का कहना है कि पितृपक्ष के पूरे 15 दिनों तक तोरई, बरबट्टी और उड़द दाल की मांग बढ़ी रहेगी, जिससे इनके दाम ऊंचे बने रहने की संभावना है।

# चौसर की बिसात बिछेगी कलडबरी में 15 को



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम कलडबरी में 15 सितंबर सोमवार को ग्रामवासियों के सहयोग से चौसर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि चौसर का खेल देश के विभिन्न क्षेत्रों में महाभारत काल से होता आया है, किन्तु यह खेल अब विलुप्ति की कगार पर है। ग्राम कलडबरी में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता से चौसर खेल प्रेमियों के आनंद और उत्साह में वृद्धि करता है। आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष के आयोजन में प्रवेश शुल्क 201 रूपये निर्धारित है और विजयी प्रतिभागी को नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

# गायत्री परिवार अंबागढ़ चौकी द्वारा नशा उन्मूलन कार्यक्रम




अम्बागढ़ चौकी (दावा)। गायत्री परिवार अंबागढ़ चौकी के तत्वावधान में नशा उन्मूलन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल करमतरा, कौड़ीकसा और दनगढ़ में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया और नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के वक्ताओं ने कहा ङ्क नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य दोनों को नष्ट कर देता है। युवा पीढ़ी को जागरूक होकर नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगणों ने भी विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा शिक्षा और अनुशासन से ही जीवन में प्रगति संभव है, नशा केवल पतन की ओर ले जाता है। कार्यक्रम के बाद कई विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशा नहीं करेंगे और अपने परिवार व समाज को भी नशामुक्त बनाने में योगदान देंगे। गायत्री परिवार का यह नशा उन्मूलन अभियान निरंतर जारी रहेगा। आगामी दिनों में यह कार्यक्रम क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

# शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं - विक्रांत सिंह

## जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों का हुआ भव्य सम्मान



खैरागढ़ (दावा)। छग प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा दाऊचौरा में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को रंगारंग बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंदेल शामिल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। जिन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। कार्यक्रम में जिलेभर से आए निजी स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति गीत, नृत्य और शिक्षकों को समर्पित कविताओं ने खास आकर्षण बटोरा। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता हैं। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं, जो डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। शिक्षकों के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने शिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और शिक्षकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि आज के युग में शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे मजबूत माध्यम है और इसमें शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव मोती जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचार नहीं करते, बल्कि वे समाज के नैतिक व चारित्रिक निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों के शिक्षक भी समर्पण और निष्ठा के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं, जिनका सम्मान अत्यंत आवश्यक है। मोती जैन ने समारोह के आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक और एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंदेल ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि निजी स्कूलों के शिक्षक भी सरकारी शिक्षकों की तरह ही समाज को शिक्षित करने में योगदान दे रहे हैं और उनका सम्मान होना चाहिए।

# एनएचएम कर्मचारियों की अनोखी मनोकामना रैली




मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल शनिवार को 27वें दिन पहुँच गई। स्वास्थ्य सेवाओं को ठप कर कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। इसी कड़ी में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के एनएचएम कर्मचारियों ने माता छुरिया के मंदिर तक एक अनोखी मनोकामना रैली निकालकर भगवान से सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की।

### सरकार से मांगों पर विचार करने की अपील

कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से संविदा सेवा में कार्यरत हैं, बावजूद इसके सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। उनकी प्रमुख मांगों में सेवाओं का नियमितीकरण और वेतन विसंगति दूर करना शामिल है। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ऐसे में आंदोलन को और तेज करने की चेतावनी भी दी गई। कर्मचारियों ने कहा कि उनका संघर्ष पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे केवल न्याय की अपेक्षा रखते हैं। गौरतलब है कि एनएचएम कर्मचारी बीते 26 दिनों से स्वास्थ्य सेवाओं का बहिष्कार कर विभिन्न तरीकों से अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। संघ ने स्पष्ट किया कि जब तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# बजरंग दल संगठन से जुड़ने का बड़ा अवसर - तरुण हथेल

## विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

### आज होगा समापन



डोंगरगढ़(दावा)। बजरंग दल क्या है, कैसे कार्य करता है सम्पूर्ण जानकारी प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही है। प्रशिक्षण प्रदान करने केन्द्र (दिल्ली) से आये बड़े पदाधिकारी, प्रान्त (रायपुर) के बड़े पदाधिकारी, विभाग- जिला केन्द्र के समस्त बड़े पदाधिकारियों का मार्गदर्शन एवम परिचय प्रशिक्षणार्थियों को दिया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल ने कहा है कि यह अवसर बजरंग दल संगठन से जुड़ने का सुनहरा अवसर है।

कच्छ गुजराती भवन गौरव-पथ के पास मेन रोड डोंगरगढ़ में जारी प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थीयों को लव जिहाद, धर्मान्तरण, हिन्दू समाज का जागरण/सम्पूर्ण विषय मे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बताया गया है कि,बजरंग दल वर्ग में प्रशिक्षण लिए व्यक्ति का संगठन में बड़ा सम्मान रहता है। 14 सितंबर को रविवार संध्या 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रतिक्षणार्थियों को अपने दैनिक उपयोग का सामान साथ लाने कहा गया है। नाश्ता भोजन की व्यवस्था निःशुल्क रखी गई है। प्रत्येक बजरंगी से मात्र 100 रु. शुल्क लिया गया है। जिसमें भोजन व आवास की सुविधा निःशुल्क दी गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल संचालन बालमुकुंद तराने-विहिप नगर अध्यक्ष, ऋषभ डकहा बजरंग दल नगर संयोजक विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड डोंगरगढ़ द्वारा किया गया है।

# दुकान का कचरा डस्टबिन में डाले, सड़क व नालियों में नहीं

## गोलबाजार के व्यापारियों को दिए गए मुफ्त में डस्टबिन पार्षद निधी से

### वार्ड नंबर 7 के पार्षद अजय जैन ने हाथ जोड़कर की स्वच्छता बनाए रखने की अपील




खैरागढ़ (दावा)। गोल बाजार वार्ड नंबर 7 के व्यापारियों को वार्ड पार्षद ने पार्षद निधी से डस्टबिन बांटे और कहा दुकान का कचरा डस्टबिन में डाले, सड़कों व नालियों में नहीं। नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने तथा वार्ड को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य से वार्ड 7 के भाजपा पार्षद अजय जैन ने एक सराहनीय पहल की है। शहर का यह वार्ड व्यापारिक गतिविधियों और भीड़भाड़ वाला इलाका है, जहाँ लंबे समय से सड़क और नालियों में कचरा फेंकने की समस्या देखी जाती रही है। इस समस्या को जड़ से मिटाने के लिए अजय जैन ने खुद आगे आकर पहल की। उन्होंने दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों से मुलाकात की और उनसे निवेदन किया कि वे सड़क पर गंदगी न फैलाएं। इस दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर अपील की कि नगर की स्वच्छता को बनाए रखना केवल पालिका की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

### हाथ जोड़कर की स्वच्छता की गुहार

व्यापारियों के बीच पहुंचे पार्षद अजय जैन ने कहा कि अगर हर व्यापारी अपने प्रतिष्ठान के सामने सफाई का ध्यान रखे तो पूरे वार्ड का स्वरूप बदल सकता है। उन्होंने समझाया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां ही गंदगी की बड़ी समस्या बन जाती हैं। इसी कारण सभी दुकानदारों को साफ-सफाई को लेकर सजग रहना चाहिए और नगर पालिका की सफाई व्यवस्था को सहयोग देना चाहिए।

### पार्षद निधि से मिले मुफ्त डस्टबिन

वार्ड की गंदगी की समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए अजय जैन ने अपनी पार्षद निधि का उपयोग कर सभी दुकानदारों को निःशुल्क डस्टबिन उपलब्ध कराया। खास बात यह रही कि लाभ सिर्फ वार्ड 7 के मतदाताओं को ही नहीं, बल्कि उन सभी व्यापारियों को मिला। जिनकी दुकानें वार्ड 7 में स्थित हैं। अजय जैन का कहना था कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को नहीं बल्कि पूरे बाजार क्षेत्र को स्वच्छ बनाना है, ताकि कोई भी व्यापारी या ग्राहक सड़क पर कचरा न डाले। अजय जैन की इस पहल की वार्ड 7 के व्यापारियों ने खुलकर सराहना की। कई दुकानदारों ने कहा कि डस्टबिन मिलने से अब कचरा सड़क पर बिखरने से बचेगा और ग्राहकों को भी स्वच्छ वातावरण मिलेगा। व्यापारियों ने इसे स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया और पार्षद को धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब से वे नियमित रूप से डस्टबिन का उपयोग करेंगे और गंदगी फैलाने से बचेंगे। अपने प्रयासों पर प्रतिक्रिया देते हुए अजय जैन ने कहा यह केवल शुरुआत है, आने वाले दिनों में और भी योजनाएं वार्डवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर लागू की जाएंगी। मेरा लक्ष्य है कि वार्ड 7 को न केवल स्वच्छ बल्कि एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाए।

# नशा खोरी का बिछा है जाल, असामाजिक तत्वों का हुआ बोलबाला - संतोष पिल्ले



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा नवागांव में चाकूबाजी के चलते हुई हत्या पर मृतक के परिजनों के साथ मिलने के दौरान नशाखोरी का बढ़ता जाल वाले बयान पर हैरत जताई है। स्वयं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने अपनी ही विष्णुदेव साय वाली सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं।

श्री पिल्ले ने कहा कि डॉ. सिंह ऐसा कह क्या यह कहना चाह रहे हैं कि, प्रदेश की साय सरकार नशाखोरी रोकने में असफल है। गांव-गांव में शराब की नदिया बह रही है। दारु, गांजा, स्मैक, चरस, नशे की गोलियां आदि मादक पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहें हैं, जिसे रोकने सरकार का कोई अंकुश नहीं रह गया है। नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने इस तरह की परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशाखोरी बढ़ने से आएं दिन मारपीट, दंगे-फसाद, चाकूबाजी की घटनाएं हो रही है। लोग बेमौत मारे जा रहे हैं। स्वयं डॉ. सिंह अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में शराब बंदी की बात कही थी व धीर-धीरे इस पर अंकुश भी लगा रहे थे। लेकिन उन्हीं की पार्टी का प्रदेश में सत्ता आने के बाद प्रदेश में शराब की नदिया बहने लगी है। नशाखोरी का जाल बिछ गया है। नाबालिग युवक नशे की गोलियां खाकर हत्या जैसे वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

### बे-मौत मारे जा रहे लोग

श्री पिल्ले ने कहा कि डॉ. सिंह के विधायकी क्षेत्र में ही आधा दर्जन के करीब सरकारी शराब दुकानें खुली हुई हैं। गांव-गांव शराब कोचिया सक्रिय हैं। गांवों में अवैध शराब की नदिया बह रही है। सेटिंग से पूरा कारोबार हो रहा है। संस्कारधानी कहीं जाने वाली नगरी में चिखली, लखोली, कन्हारपुरी बायपास रोड में शराब की दुकानें खुली हुई है। लोग शराब पीकर हुड़दंग मचा रहे हैं। नशे के गिरफ्त में आ कर मारपीट, चाकूबाजी कर रहे हैं जिससे निरपराध लोगों की जाने जा रही है। यह सब खुले छूट मिले नेताओं के संरक्षण से हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश था लेकिन भाजपा की सरकार आते ही फिर से शराब की नदिया बहने लगी, नशे का जाल बिछ गया। प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार इसे रोकने में असफल साबित हो रही है। जिसका खामियाजा निरपराध लोगों को हत्या जैसी घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। लोग से मौत मारे जा रहे हैं।

# विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य जाँच एवं आयुष स्वास्थ्य मेला चिरचारीखुर्द में

### जनपद अध्यक्ष ने शिविर का लाभ उठाने की अपील



छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के ग्राम चिरचारीखुर्द में संचालक आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजनानुसार,जिला आयुर्वेद अधिकारी राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में 15 सितंबर दिन सोमवार को एक दिवसीय निःशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा/होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने छुरिया विकासखंड के सभी आमजनों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि इस शिविर में अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों द्वारा वातरोग, उदाररोग, स्त्रीरोग, चर्मरोग सहित अन्य सभी प्रकार जटिल रोगों का आयुर्वेद/ होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर निः शुल्क औषधि वितरण किया जाएगा। साथ ही बी.पी. जांच, शुगर जांच भी किया जावेगा। उक्त शिविर में नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण के प्रकृति परीक्षण एवं काढा वितरण किया जावेगा।

# बहुविषयक शिक्षा : रोजगारोन्मुखी तैयारी की सशक्त पहल - कुलपति डॉ. संजय तिवारी



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल कॉलेज लालबाग राजनांदगांव में 2 एवं 3 सितंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर वेबिनार कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रतिदिन दो सेशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.संजय तिवारी कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ।

सभी कार्यक्रम यूट्यूब पर भी लाइव किया गया। डॉ.संजय तिवारी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत बहुविषयक शिक्षा को रोजगारोन्मुखी तैयारी हेतु एक पहल बताया। कार्यक्रम के प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. हेमंत साव, गणित विभाग शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव, डॉ. चक्रधर नायक एचओडी बी.एड., एम.एड. एमएससीबी विश्वविद्यालय बरिपदा, मयूरभंज उड़ीसा, डॉ. चंद्रशेखर पांडे सहायक प्राध्यापक शिक्षा विभाग महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय महाराष्ट्र द्वारा व्याख्यान दिए गए। व्याख्यान के बाद इंटरएक्टिव सेशन रखा गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों द्वारा पेपर का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रकार दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी.सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, प्राचार्य डॉ.अनुराधा शुक्ला, श्रीमती इला सिंह (एडवाइजर), डॉ. यामिनी साहू उप-प्राचार्य, डॉ. संध्या मोहबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ.जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. महोबे, श्रीमती शशिकला सिंह, एवं वशिष्ट वाडेकर ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उत्साहवर्धन किया एवं योगदान दिया।

# शिक्षकों की बदौलत ही विश्व में राष्ट्र की साख बढ़ी है-कमलेश सूर्यवंशी



राजनांदगांव (दावा)। स्थानी पीएमश्री सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थित गांधी सभागृह में विद्यालय के तत्वाधान में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन बृहस्पतिवार को किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि महंत सर्वेश्वरदास स्कूल (म्युनिसिपल स्कूल) की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष कमलेश (गोलू) सूर्यवंशी ने शिक्षकों की महत्व बताते हुए कहा कि आज हम और आप जिस मुकाम पर पहुंचे हैं वह शिक्षकों की बदौलत है इतना ही नहीं आज राष्ट्र की साख विश्व स्तर पर बड़ी है और हमारा भारत गिनी चुनी महाशक्तियों में सुमार है तो वह भी राष्ट्र की बदौलत है।

सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैल चित्र की पूजा करके समारोह का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अनेक वक्ताओं ने अपनी बातें रखी। मुख्य अतिथि श्री सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षकों जिसे हम भारतीय संस्कृति में गुरु कहते हैं कि जरूरत भगवान के अवतारों को भी पड़ी आज हम भी शिक्षकों की बदौलत ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ सरकारी नौकरी पाना नहीं होना चाहिए आजकल बहुत लोग इसी उद्देश्य से अपने बच्चों को ऊंची शिक्षा दिला रहे हैं वास्तव में शिक्षा का उद्देश्य अपने मनुष्य जन्म होने को सिद्ध करना और परिष्कृत करना है।

श्री सूर्यवंशी ने कहा कि महंत सर्वेश्वर दास स्कूल का नाम न सिर्फ इस शहर में अपितु जिले और प्रदेश में पहचान बना चुका है। इस बहुत पुराने विद्यालय के बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों में और इस शहर में विभिन्न पदों पर रहते हुए सेवा कर रहे हैं। उन्होंने इस विद्यालय के विकास में महापौर मधुसूदन यादव क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बड़े योगदानों का जिक्र करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय को उनके प्रयासों से पीएमश्री का दर्जा मिला है जो बहुत ही कम स्कूल को यह दर्जा मिलता है।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष गोलु सूर्यवंशी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि, इस विद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष हैं। इसी बहाने इस विद्यालय की सेवा का अवसर उन्हें मिला हुआ है। वे जितना हो सके इस विद्यालय के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक शिक्षकों की अध्यापन शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विद्यालय के परीक्षा परिणाम 2024-25 में बेहतर रहे हैं। आगे भी बेहतर परिणाम आने की उम्मीद के साथ अध्ययन अध्यापन का कार्य जारी है।

श्री सूर्यवंशी ने बताया कि विद्यालय में विकास निर्माण कार्य जारी है। प्रयोगशाला भी बन रही है और बाउंड्री वॉल भी होना है। श्री सूर्यवंशी ने निगम प्रशासन से यह अपेक्षा की है कि, इस विद्यालय के खेल मैदान का व्यवसायिक उपयोग कम से कम करें और बच्चों के खेलकूद के लिए ही ज्यादा सुरक्षित रहने दे साथ ही इस विद्यालय के खेल मैदान की सुरक्षा जिम्मेदारी पूर्ण रूप से विद्यालय प्रशासन व जन भागीदारी समिति को दे। उन्होंने यह भी अपेक्षा की कि म्युनिसिपल स्कूल मैदान को हटाकर जो पार्किंग बनाई गई है। उसे यहां से अन्यत्र ले जाया जाए और और विद्यालय के लिए ही वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती : ग्राम आमगांव में आत्मा योजना अंतर्गत खरीफ फसल संगोष्ठी संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसरपर छुरिया विकासखंड के ग्राम आमगांव में आत्मा योजना अंतर्गत खरीफ फसल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में किसानों को धान के बदले कम पानी की फसल वाले दलहन-तिलहन, मक्का, चना, मटर, तिवड़ा, गेहूं, उड़द, मूंग, रागी फसल उत्पादन करने प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान फसल चक्र परिवर्तन एवं जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। संगोष्ठी में कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए किसानों को सम्मानित भी किया गया। संगोष्ठी में जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा सिन्हा, कृषि स्थाई समिति के सभापति श्रीमती उत्तरा बाई निषाद, जनपद सदस्य एकांत चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती भान भाई मंडावी, सदस्य श्रीमती सुनीता सेवता, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी श्रीमती लीना कोठारी सहित कृषक, पशुपालक, कृषि सखी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# हायर सेकेंडरी करमरी स्कूल के 41 छात्राओं को मिली साइकिल



राजनांदगांव(दावा)। छुरिया क्षेत्र के अंतर्गत शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमरी में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत 41 नग साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत करमरी सरपंच दीनदयाल साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मण साहू संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाएं की उपस्थिति में वितरण की गई।

मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच दीनदयाल साहू ने सभी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्कूलों में छात्रों को निःशुल्क साइकिल बांटने की योजना चलती है, जिसके योजना अंतर्गत सरस्वती साइकिल योजना इन योजनाओं का उद्देश्य लड़कियों को स्कूल आने-जाने में मदद करना शिक्षा को बढ़ावा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। योजना छात्राओं को बिना किसी परेशानी की स्कूल पहुंचने में मदद करती है, शिक्षा को बढ़ावा मिलती है, इससे लड़कियों के स्कूल में नामांकन में वृद्धि होती है। यह योजना सामाजिक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस योजना के तहत नवमी कक्षा की छात्रों को साइकिल बांटी जाती है ताकि वे स्कूल आसानी से आ जा सके।

# जीएसटी सुधार से भारत की अर्थव्यवस्था को नई उड़ान - केवरा विजय राय



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम बाजार विभाग की चेयरमैन एवं पार्षद श्रीमती केवरा विजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा लागू किए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक और दूरगामी परिणाम देने वाले कदम साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस तेज़ी से आर्थिक विकास की ओर बढ़ रहा है उसमें जीएसटी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

श्रीमती राय ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने कर प्रणाली को न केवल सरल और पारदर्शी बनाया है बल्कि इससे कर चोरी पर अंकुश, व्यापार में सुगमता और राजस्व संग्रहण में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। छोटे दुकानदार से लेकर बड़े उद्योगपति तक, सभी वर्गों को इससे लाभ हुआ है और कारोबार का वातावरण पहले से कहीं अधिक अनुकूल बना है।

श्रीमती राय ने आगे कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत अभियान मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे कार्यक्रमों को भी जीएसटी से नई गति मिली है। व्यापार और निवेश के क्षेत्र में लगातार बढ़ते विश्वास से न केवल बड़े उद्योगों को बल मिला है बल्कि छोटे और मझोले उद्यमों को भी नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इससे युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं और स्थानीय स्तर पर भी विकास को बढ़ावा मिल रहा है।

श्रीमती राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न और दूरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को एक सशक्त और उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में देख रही है। जीएसटी सुधारों ने भारत की आंतरिक आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। आज भारत न केवल अपने नागरिकों के लिए बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध करा रहा है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी एक मजबूत और स्थिर अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। यह बदलाव भारत को आने वाले समय में विश्वगुरु और आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करेगा।

## जारी सूची के संबंध में दावा-आपत्ति 17 सितंबर तक

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री योजना अंतर्गत जिले के 7 प्राथमिक शालाओं एवं 4 हायर सेकेण्डरी शालाओं में अंशकालीन मानदेय पर संगीत प्रशिक्षकों की सेवाओं के लिए योग्यताधारी आवेदकों से प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी उपरांत पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के संबंध में दावा आपत्ति 17 सितंबर शाम 5 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है।

पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन जिला परियोजना कार्यालय के कक्ष क्रमांक 112 के सूचना पटल पर किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति के संबंध में प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# दोगुना हुआ बिजली बिल, उपभोक्ताओं में रोष-महेंद्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को हाल ही में बिजली बिलों में हुई भारी बढ़ोतरी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे आम जनता में रोष है। साथ ही अघोषित बिजली कटौती से आमजन-किसान भी परेशान है। राज्य में पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा घोषित 400 यूनिट तक 'हाफ बिजली बिल योजना को घटाकर-100 करने से उपभोक्ताओं को-पिछली बार की तुलना में दोगुने से भी अधिक बिल मिल रहे हैं। इस अचानक बढ़ोतरी ने न केवल गरीब-और मध्यम वर्ग के परिवारों के बजट -को बिगाड़ दिया है, बल्कि प्रदेश के भाजपा सरकार की योजनाओं पर भी - सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के गलत फैसले ने आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा दिया है।

भाजपा के डबल इंजन ने छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ताओं की बिजली बिल दोगुने से भी अधिक बढ़ाकर महतारी वंदन योजना के तहत दी जाने वाली राशि की वसूली शुरू कर दी है। श्री यादव का कहना है कि कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 'हाफ बिजली बिल योजना' का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना था। इस योजना के तहत 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा कर दिया जाता है। जिसे राज्य के भाजपा सरकार में घटाकर 100 यूनिट तक खपत पर बिजली बिल हाफ योजना लागू की। लेकिन बढ़े हुए बिलों ने इस योजना की प्रासंगिकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि विष्णु देव साय सरकार के योजना के बावजूद उन्हें कोई खास फायदा नहीं मिल रहा है, बल्कि उनका बिजली बिल पहले से कई ज्यादा आ रहा है।

### केंद्र की तरह राज्य सरकार ने भी बदले फैसले

महामंत्री महेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए इसे जनविरोधी कदम बताया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में सरकार बनाने के लिए चुनाव से पहले उन्होंने आम जनता को झूठे वादे कर सत्ता हासिल की है। जिस तरह केंद्र की मोदी सरकार कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दबाव में आकर अपने फैसले बदल रही है, उसी तरह राज्य सरकार को भी अपने जन विरोधी फैसलों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि बिजली की दरों को तुरंत वापस लिया जाए और उपभोक्ताओं को राहत दी जाए।

## छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मैं क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन

### डामन लाल साहू अध्यक्ष, श्याम लाल जैन महामंत्री बने



राजनांदगांव (दावा)। आज दिनांक 13 सितंबर 2025 को प्रांतीय पदाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी तकनीकी संघ द्वारा राजनांदगांव के संभागीय कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। जिसमें की संघ द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। एवं सर्वसम्मति से अध्यक्ष-डॉमन लाल साहू उपाध्यक्ष-श्यामल जैन महामंत्री-टीकेंद्र साहू, सचिव-संजय जांघेंल, मनोहर साहू, कोषाध्यक्ष-नंदलाल पटेल, दिग्विजय, मीडिया प्रभारी-मनु साहू, बृजेश देवांगन तकनीकी संघ का गठन किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अशांति के बावजूद नेपाल ने......**

सरकार को सोशल मीडिया बैन के खिलाफ बड़े आंदोलन के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। राष्ट्रपति पौडेल, सेना के शीर्ष अधिकारियों और आंदोलन का नेतृत्व कर रहे युवाओं की बैठक के बाद कर्की को अंतरिम सरकार की कमान सौंपी गई। पीएम मोदी ने नेपाल की जनता की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में लोग राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद इमारतों को साफ और रंग रोगन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं नेपाल की जनता को बधाई देता हूं जिन्होंने कठिन हालात में भी लोकतंत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा। पीएम मोदी ने भरोसा दिलाया कि भारत और नेपाल साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं और नई दिल्ली नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा व स्थिरता में हर कदम पर उसके साथ खड़ी है।

**पीएम मोदी ने पहली बार मणिपुर हिंसा**

कुछ पीड़ितों से भी मुलाकात की थी। पीएम के मणिपुर दौरे की कांग्रेस पार्टी काफी आलोचना कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि, पीएम ने मणिपुर को जलते हुए छोड़ा और इसके लिए वह लोगों से माफी मांगे। इन पीड़ितों में वह लोग शामिल थे जो हिंसा के चलते अपने घर खो चुके है और ग्राउंड में बने राहत शिविरों में रह रहे है। इस दौरान पीएम के साथ राज्यपाल अजय कुमार भल्ला भी मौजूद रहे। उन्होंने शिविरों में रह रहे बुजुर्गों और बच्चों से मुलाकात की। छोटे बच्चों ने इस दौरान पीएम का अभिवादन किया और उन्हें एक गुलदस्ता और एक पेंटिंग भी उपहार में दी। इस मुलाकात के दौरान पीएम को एक बच्चे से मिली टोपी पहने हुए देखा गया, जिस पर पक्षी के पंख लगे हुए थे। हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने शांती ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने मणिपुर हिंसा और उसके पीड़ितो से मुलाकात का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, मणिपुर की धरती आशा और उम्मीद की भूमि है। दुर्भाग्य से हिंसा ने इस शानदार इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। थोड़ी देर पहले मैं उन प्रभावित लोगों से मिला हूं, जो शिविरों में रह रहे हैं। उनसे बातचीत करने के बाद मैं कह सकता हूं कि उम्मीद और विश्वास की नई सुबह मणिपुर में दस्तक दे रही है।

**रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने के....**

(पूर्व राष्ट्रपति) जो बाइडन और (यूक्रेनी राष्ट्रपति) वोलोदिमिर जेलेंस्की का है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं यहां सिर्फ इसे रोकने में मदद कर रहा हूं, ताकि रूस और यूक्रेन के हजारों लोगों की जान बचाई जा सके। सिर्फ पिछले हफ्ते ही 7,118 लोग मारे गए- यह पागलपन है।

**पीएम मोदी और उनकी दिवंगत मां....**

को चित्रित करने वाले एआई वीडियो पोस्ट करने पर निशाना साधा। भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने इसे शर्मनाक करार देते हुए आश्चर्य जताया कि मोदी पर निशाना साधने के लिए कांग्रेस किस हद तक गिर सकती है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधने के लिए बिहार कांग्रेस ने बुधवार को अपने 'एक्स' हैंडल पर वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें हिंदी में लिखा था, ''साहब के सपनों में आई मां। इस वीडियो में मोदी की मां उनकी राजनीति की आलोचना करती दिखाई दे रही हैं।

**वनतारा के खिलाफ शिकायतों की....**

आरोपों पर आधारित याचिका कानूनी तौर पर विचार के योग्य नहीं होती, बल्कि उसे समय रहते खारिज कर दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि न्यायमूर्ति चेलमेश्वर के अलावा, एसआईटी के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राघवेंद्र चौहान (उत्तराखंड और तेलंगाना उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश), मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले और भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी अनीश गुप्ता शामिल हैं। आदेश में कहा गया है कि यह न तो याचिकाओं में लगाए गए आरोपों पर कोई राय व्यक्त करता है और न ही इसे किसी भी वैधानिक प्राधिकरण या वनतारा की कार्यप्रणाली पर कोई संदेह पैदा करने वाला माना जा सकता है। शीर्ष अदालत ने एसआईटी को भारत और विदेश से पशुओं, विशेष रूप से हाथियों को लाने, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और उसके तहत चिड़ियाघरों के लिए बनाए गए नियमों के अनुपालन, वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार पर अंतरराष्ट्रीय समझौता, आयात-निर्यात कानूनों और जीवित पशुओं के आयात और निर्यात से संबंधित अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। एसआईटी को पशुपालन, पशु चिकित्सा देखभाल, पशु कल्याण के मानकों, मृत्यु दर और उसके कारणों, जलवायु परिस्थितियों के संबंध में शिकायतों और औद्योगिक क्षेत्र के निकट स्थान से संबंधित आरोपों, वैनिटी या निजी संग्रह के निर्माण, प्रजनन, संरक्षण कार्यक्रमों और जैव विविधता संसाधनों के उपयोग के संबंध में शिकायतों के अनुपालन की जांच करने का आदेश दिया गया।

**डेंटल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ....**

की वार्षिक स्मारिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सरकार बनने के पहले दिन से ही हमने प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति दी गई है, साथ ही फिजियोथैरेपी नर्सिंग और मदर-चाइल्ड हॉस्पिटल जैसे संस्थानों की स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ छत्तीसगढ़ के साथ ही हम प्रगति की भी बात कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। वर्ष 2000 में जहां केवल एक मेडिकल कॉलेज था, वहीं आज 15 मेडिकल कॉलेज स्थापित हो चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री वय वंदना योजना से मरीजों और बुजुर्गों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं, सस्ती जेनेरिक दवाइयां आम जनता को राहत प्रदान कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पान मसाला, गुटखा और तंबाकू की वजह से मुँह के कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दाँतों की देखभाल और सुंदर मुस्कान देने में दंत चिकित्सकों की अहम भूमिका है। उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि इस दिशा में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएँ। उन्होंने भावुक होकर अपने संसदीय कार्यकाल की स्मृतियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि 1999 में जब श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, उस समय एम्स दिल्ली पर पूरे देश के मरीजों का दबाव था। तब हमने संसद में निवेदन किया था कि छत्तीसगढ़ में भी एम्स की स्थापना हो। सौभाग्य से 1 नवम्बर 2000 को राज्य गठन के बाद पहली किस्त में छह राज्यों को एम्स की सौगात मिली और छत्तीसगढ़ को भी यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

**'जंगलराज और तुष्टिकरण ने.....**

नई ऊंचाइयां छुई हैं। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है। नड्डा ने दावा किया कि एनडीए ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से निकालकर प्रगति की राह पर लाया। नड्डा ने विपक्ष, खासकर कांग्रेस और आरजेडी पर राजनीति को निम्न स्तर पर ले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस द्वारा जारी एक कथित वीडियो का जिक्र किया, जिसमें पीएम मोदी की मां के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल हुआ। नड्डा ने कहा कि ऐसे अपशब्दों का उपयोग और फिर पछतावा न करना विपक्ष के चरित्र को दर्शाता है। यह उनकी सोच का निम्न स्तर दिखाता है।

**भारत पाक मैच पर बवालः आप ने....**

द्वारा मैच को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला जा रहा है। इसी बीच शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने घोषणा की कि उनकी पार्टी रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप क्रिकेट मैच के खिलाफ पूरे महाराष्ट्र में विरोध प्रदर्शन करेगी।

**तेजस्वी यादव 16 सितंबर को.....**

सभी जिलों के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और अन्य पदाधिकारियों के साथ ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पत्र भेजा है. इस पत्र में यह उल्लेख भी किया गया है कि यात्रा जिस भी विधानसभा क्षेत्र से गुजरेगी, उस क्षेत्र में एक ही स्थान पर जनसंवाद का आयोजन होगा. उन्होंने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्थल पर ही एकजुट रहकर यात्रा में शामिल होने के लिए कहा है. आरजेडी बिहार के प्रधान महासचिव ने सभी पदाधिकारियों, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायक, पूर्व विधायक, पार्षद-पूर्व पार्षदों के साथ ही अलग-अलग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों से इस यात्रा को सफल बनाने में अपना पूरा योगदान देने का आह्वान किया है. गौरतलब है कि इस बात की चर्चा थी कि तेजस्वी यादव बिहार विधानसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम का ऐलान होने से पहले बिहार के उन जिलों का भी दौरा कर लेना चाहते हैं, जहां वोटर अधिकार यात्रा नहीं पहुंच सकी थी. तेजस्वी यादव के ऐसे जिलों के दौरे का कार्यक्रम तैयार होने की बातें भी आ रही थीं और कहा जा रहा था कि 15 सितंबर से दौरे का कार्यक्रम तैयार है. लेकिन महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर फंसे पेच को यात्रा कार्यक्रम के ऐलान में हो रही देरी की वजह बताया जा रहा था. चर्चा थी कि तेजस्वी यात्रा पर निकलने से पहले सीट शेयरिंग का पेच सुलझा लेना चाहते हैं. सीट शेयरिंग फॉर्मूले का ऐलान तो नहीं हुआ, लेकिन आरजेडी ने तेजस्वी की यात्रा का कार्यक्रम जरूर जारी कर दिया है.

**मोहन यादव बाल-बाल बचे! उड़ान....**

सीएम सुरक्षित हैं। इस दौरान जिला कलेक्टर अदिति गर्ग ने कहा कि कुछ माध्यमों में एयर बैलून के संबंध में भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई है। इस संबंध में वास्तविक स्थिति इस प्रकार है कि हॉट एयर बैलून में सुरक्षा के संबंध में किसी प्रकार की कोई चूक नहीं हुई है। माननीय सीएम केवल एयर बैलून को देखने के लिए गए थे। कलेक्टर ने बताया कि हॉट एयर बैलून, जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि यह गर्म हवा का गुब्बारा होता है। इसे उड़ान भरने योग्य बनाए रखने के लिए हवा को गर्म किया जाता है। इससे गुब्बारा ऊपर उठ सके और तैरता रहे। इस पूरी प्रक्रिया में सुरक्षा के सभी मानक पूरी तरह से पालन किए गए हैं। नागरिकों से निवेदन है कि वे असत्य और भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें।

# विक्रांत सिंह ने भगवती साहू को दी बधाई, कहा क्षेत्र के युवाओं में है असीम संभावनाएँ



भगवती की सफलता पर विक्रांत सिंह पहुंचे घर, कहा मेहनत और लगन से मिलती है मंजिल

खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत सीताडबरी निवासी भगवती साहू पिता संतराम साहू ने छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) के पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। यह सफलता न केवल उनके अथक परिश्रम और लगन का परिणाम है, बल्कि यह क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन गई है।

भगवती साहू की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएँ देने केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह स्वयं उनके निवास पर पहुँचे। इस अवसर पर उन्होंने भगवती साहू को पुष्पगुच्छ व माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विक्रांत सिंह ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो बस उन्हें सही दिशा देने की। उन्होंने कहा कि भगवती की यह सफलता यह सिद्ध करती है,कि मेहनत और लगन से कोई भी मंजिल हासिल की जा सकती है।।

इस अवसर पर छुईखदान भाजपा मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, नवनीत जैन, अशोक पाल, दीना जंघेल, अजय जंघेल, कमलेश जंघेल, बलराम जंघेल सहित अनेक स्थानीय भाजपाई भी उपस्थित रहे। सभी ने भगवती साहू को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनकी सफलता पर गर्व जताया।

विक्रांत सिंह ने कहा कि भगवती साहू जैसे होनहार युवा समाज के लिए आदर्श हैं। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में क्षेत्र से और भी युवा इसी तरह की बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करेंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भगवती साहू से प्रेरणा लें और कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों।

ग्राम पंचायत सीताडबरी सहित पूरे केसीजी जिले में इस खबर से खुशी की लहर है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने भगवती साहू को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भगवती साहू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के समर्थन को दिया। उन्होंने कहा कि अगर ठान लिया जाए तो कोई भी सपना दूर नहीं होता। यह सफलता निश्चित ही क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और यह दिखाता है, कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है।

# आज कस्तूरबा में एडवांस एक्यूप्रेशर थेरेपी द्वारा निःशुल्क रोग निदान शिविर

## जापान की एडवांस डिवाइस मशीन से की जाएगी जांच

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पुराने विश्राम गृह रोड स्थित कस्तूरबा भवन में कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा कल 14 सितंबर रविवार को एडवांस एक्यूप्रेशर थेरेपी द्वारा निशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया गया है। कस्तूरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी ने बताया कि उक्त एडवांस एक्यूप्रेशर थेरेपी से कई लोगों को लाभ मिला है। इसे देखते हुए दुर्ग उक्त एक्यूप्रेशर थेरेपी चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव की सेवाएं ली जा रही है।

श्रीमती तिवारी ने बताया कि जापान की उक्त एडवांस एक्यूप्रेशर डिवाइस मशीन द्वारा मरीजों की अंदरूनी बीमारी की पहचान कर उसकी शर्तिया ईलाज की जाती है व सलाह दी जाती है। पुराने से पुराने जोड़ों के दर्द, गठिया रोग, वात रोग, माइग्रेन, सर्वाइकल, साईटिका आदि का इलाज सहित डाक्टर द्वारा महिलाओं के द्वारा मासिक धर्म के समय उपयोग किए जाने वाले सेनेटरी पेड के बाएं में महत्वपूर्ण सलाह देंगे। उनके साथ डॉ. नीलू जैन भी सेवाएं देंगी। श्रीमती शारदा तिवारी ने 14 सितंबर रविवार को कस्तूरबा भवन में सुबह 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक आयोजित उक्त एडवांस एक्यूप्रेशर थेरेपी का अधिकाधिक संख्या में लोगों को लाभ उठाने की अपील की है।

# 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

## सांसद संतोष पाण्डेय ने किया प्रतिभागियों को पुरस्कृत



राजनांदगांव (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 के समापन समारोह का आयोजन आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने की। सांसद संतोष पाण्डेय ने हॉकी के जादूगर स्व. ध्यानचंद को याद करते हुए बताया कि उन्होंने राजनांदगांव में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि स्व. ध्यानचंद खेल का इतना ज्यादा अभ्यास करते थे कि वे हॉकी के जादूगर हो गए। वे हॉकी खेल के प्रति समर्पित हो गए। उन्होंने कहा कि जब किसी खेल में समर्पित होते है तो वह प्रतिभा निखरकर प्रदेश के मंच, मैदान, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेल व खिलाड़ियों के प्रति हमेशा सजग रहते है। खिलाड़ियों से चर्चा करते है। उन्होंने बताया कि ओलंपिक खेल की मेजबानी भारत करने वाला है। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय खिलाड़ियों का है। यहां के अनेक खिलाड़ी बड़े-बड़े पदों पर है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे खिलाड़ी बनने तथा देश के लिए खेलने के लिए शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि खिलाड़ियों ने 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर तरीके से प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन एवं नियम के साथ खेला जाए तो खेल रूचिकर हो जाता है। सभी खिलाड़ियों ने नियम और अनुशासन से खेल में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि खेल में एक लक्ष्य बनाकर खेलना आवश्यक होता है। खिलाड़ी पूर्ण निष्ठा, अनुशासन, नियम और संघर्ष करने से सफलता जरूर हासिल होती है। उन्होंने कहा कि खिलाडियों ने अपनी खेल प्रतिभा को दिखाते हुए जीत हासिल किया है। उन्होंने खिलाड़ियों को हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए शुभकानाएं दी।

# दिग्विजय कालेज में रजत जयंती पर पुस्तक प्रदर्शनी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, में पुस्तक प्रदर्शनी और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास नगर पालिका निगम, राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। आपने पुस्तक प्रदर्शिनी का उद्घाटन किया और भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशानुसार हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में आगरा के एसबीपीडी प्रकाशन को आमंत्रित किया गया था, जिसने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आधार पर प्रकाशित पुस्तकों को प्रदर्शन किया। इसके साथ ही इस पुस्तक प्रदर्शनी में दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा लिखी हुई पुस्तकों को भी प्रदर्शित किया गया।

पुस्तक प्रदर्शनी के प्रभारी डॉ. शंकर मुनि राय के अनुसार दिग्विजय महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा लिखी हुई कुल एक सौ पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया। ये पुस्तकें महाविद्यालयीन पाठ्यक्रम सहित संदर्भ ग्रंथ के रूप में शामिल है। इन्हें देखकर विद्यार्थियों ने खरीदने की भी इच्छा जताई। डॉ. बी.एन. जागृत के निर्देशन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में छात्र भागवत वर्मा, विनय वासनिक और उज्ज्वल कसेर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# राजनीतिक विज्ञान विभाग में परिषद गठन संपन्न



अध्यक्ष रुपाली नेताम, उपाध्यक्ष-दीपक ठाकुर

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई. व्ही. रेवती के मार्गदर्शन में राजनीतिक विज्ञान विभाग द्वारा 8 सितंबर को परिषद गठन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जमुलकर एवं प्राध्यापिका अनिमा मिंज ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से की गई। मुख्य वक्ता एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जमुलकर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. जांबुलकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में रहकर कार्य करने से व्यक्तित्व का विकास होता है। इसके बाद प्राचार्य डॉ. रेवती ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। पदाधिकारियों में अध्यक्ष रुपाली नेताम, उपाध्यक्ष दीपक ठाकुर, सचिव स्वाति विश्वकर्मा, सहसचिव गीता वर्मा, कोषाध्यक्ष कुमुद निषाद, ग्रंथालय प्रभारी मोमिन साहू, त्रेता सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हिमांशी राजपूत, लेखराम, अमन कुमार को मनोनीत किया गया। प्राचार्य डॉ. रेवती ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बैच पहनाकर सम्मानित किया और कहा कि दायित्वों और अधिकारों का सही दिशा में उपयोग करने से ही निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। कार्यक्रम के समापन पर नवनिर्वाचित सदस्यों ने अपने विचार रखे। लगभग 35 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापिका अनिमा मिंज ने किया।

# संकुल साल्हेटोला में बैठक संपन्न, शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाने दिशा निर्देश दिया गया

छुरिया (दावा)। संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपालन में विकासखण्ड छुरिया के संकुल साल्हेटोला में आवश्यक बैठक का आयोजन 11 सितम्बर को किया गया। इस बैठक में संकुल आश्रित शालाओं के समस्त शिक्षकगण सम्मिलित हुए।



बैठक में संकुल प्राचार्य एम.आर. पंचारे एवं संकुल समन्वयक सुरेश कुमार साहू ने संयुक्त संचालक द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों के परिपेक्ष्य में शिक्षा गणुवत्ता को प्रभावोत्पादक बनाने हेतु 'दुर्ग संभाग श्रेष्ठ' लक्ष्य का निर्धारण कर कार्य करने पर जोर दिया गया। साथ ही लक्ष्य की सफलता को लेकर तीन महत्वपूर्ण बिदुओं जिसमें मात्रात्मक सुधार जिसके अंतर्गत परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थियों की सफलता, गुणात्मक सुधार के तहत बोर्ड परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत ऊंचा उठाते हुए प्राप्तांक सूची में लाना एवं प्रभावी शिक्षण के तहत शिक्षण कार्य को प्रभावी बनाते हुए विषय ज्ञान, आनंददायी शिक्षा एवं नवाचारी गतिविधियों का प्रयोग कर बच्चों को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए दक्ष बनाना है। यदि हम लक्ष्य का निर्धारण कर सकारात्मक कार्य करेंगे तो सफलता अवश्य मिलेगी। आप सभी शिक्षक इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए कार्य योजना बनाकर अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए बच्चों को समुचित शिक्षा प्रदान करेंगे ताकि हमारा विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय की श्रेणी में परिलक्षित हो। इस बैठक में संकुल साल्हेटोला के समस्त शिक्षकगण - सम्पत सलामें, दीप कुमार वर्मा, श्रीमती शैलेन्द्री साहू, फानेश्वर निषाद, महेश मंडावी, संतोष चतुर्वेदी, उत्तम प्रसाद दुबे, तुकाराम चंद्रवंशी, टुकेश मंडावी, श्रीमती ऋचा त्रिपाठी, हरिश्चन्द्र बंजारे, श्रीमती अम्बा मंडावी, विजय देवांगन, उमेश कुमार साहू, श्रीमती पद्मा लहरे, डोमन लाल साहू, एच.के.कुम्भकार, ललित साहू, प्रिंस जंघेल, भावना पंचारी, गजेन्द्र देवांगन उपस्थित थे।

# सिद्धार्थ बौद्ध विहार डोंगरगांव में धर्मोपदेशना कार्यक्रम सम्पन्न

डोंगरगांव (दावा)। सिद्धार्थ बौद्ध विहार में वर्षावास के तहत भाद्रपद पूर्णिमा के अवसर पर 7 व 8 सितंबर को दो दिवसीय धर्मोपदेशना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वपथम भगवान बुद्ध व डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात् पूज्य भन्ते कपिमाल के सानिध्य में सामूहिक रूप से त्रिशरण, पंचशील वंदना हुआ। पूज्य भन्ते ने समाज को संबोधित करते हुए त्रिशरण, पंचशील के महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की जीवन में पंचशील का विशेष महत्तव है। हिंसा न करना, चोरी न करना, व्यभिचार न करना, झूठ नहीं बोलना, नशा न करना ये पांच शशील इस पर विस्तार से चर्चा किया गया। जिसे समाज के लोगो ने अपने जीवन में उतार कर अपने-अपने परिवार व समाज का कल्याण करने की बात कही। बच्चों के द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन समाज के वरिष्ठ उपासक डां.टीकाराम बोरकर ने किया। साथ ही वर्षावास तक सभी उपासक, उपासिकाओं व बच्चों को संध्या 6 बजे सिद्यार्थ बौद्ध बिहार में आने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रेमलाल मेश्राम, दिलबहार डोंगरे, विजय खोबागढ़े, जितेन्द्र मोटघरे, विरेन्द्र बोरकर, राष्ट्रपाल गजभिये, शकुन्तला बोरकर, करूणा गजभिये, सोनम खोबागढ़, विजय लक्ष्मी मोटघरे, पेमा शेण्डे, रेखा लाउने, मधु सोनटेके, मंदा सोनटेक, आरोही घोड़ेसवार, काव्यांश मोटघरे, आदविक बोरकर, सुमित घोड़ेसवार, प्रतिक घोड़ेसवार, अन्नया रामटेके उपस्थित रहे।



# विश्वविद्यालय में पाक्षिक कार्यक्रम श्रुति मंडल का हुआ आयोजन




नृत्य संकाय के विद्यार्थियों द्वारा दी गई विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति

खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में गुरुवार 11 सितंबर को कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में पाक्षिक कार्यक्रम श्रुति मंडल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नृत्य संकाय के शिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान प्रो.डॉ. नीता गहरवार अधिष्ठाता नृत्य संकाय के निर्देशन में कथक नृत्य की एकल प्रस्तुति एवं दरबारी तराना की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इसके बाद सुशान्त कुमार दास सहा. प्राध्यापक ओडिसी के द्वारा केवट प्रसंग एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

डॉ. शेख मेदिनी होम्बल सहा. प्राध्यापक भरतनाट्यम के निर्देशन में भरतनाट्यम नृत्य की सामूहिक एवं एकल प्रस्तुति हुई। अंत में सुशान्त कुमार दास सहा. प्राध्यापक ओडिसी के निर्देशन में कोणार्क कीर्ति की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी गई। मंच संचालन एवं वाचन मौलश्री सिंह व प्रज्ञा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में मो.शफीक हुसैन ने सारंगी, ए.रोशन कुमार ने हारमोनियम एवं गायन, दीपक दास महन्त ने तबला तथा ऋषभ साहू ने पढन्त पर संगत किया।

### इन कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

कथक नृत्य एकल प्रस्तुति में सचिन कुमार, दरबारी तराना में सुजीत कुमार सेन, कल्पना साहू, तनुश्री रॉय, पायल सिदार, उर्वशी कुमारी, पूनम कुमारी व पुखा नारजारी, केवट प्रसंग एकल नृत्य प्रस्तुति में सुशान्त कुमार दास सहायक प्राध्यापक ओडिसी नृत्य विभाग, भरतनाट्यम नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति में होरिल गौर अतिथि व्याख्याता, रोशनी देवांगन, साक्षी तोकल, मानसी देवांगन, कुसुम सोनी, अनुपमा तिवारी, खुशबू भूमिज, अनुकृति सिंह व दीप्ति निषाद, भरतनाट्यम नृत्य एकल प्रस्तुति में होरिल गौर अतिथि व्याख्याता भरतनाट्यम विभाग एवं कोणार्क कीर्ति की सामूहिक नृत्य प्रस्तुति में हिमानी सारथी, हीना दास, दुर्गेश्वरी पाल, अर्पित इनवाती व सुधा योजन ने शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी, अधिष्ठाता नृत्य संकाय प्रो.डॉ. नीता गहरवार, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो.डॉ. नमन दत्त, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. देवमाईत मिंज, श्रुति मंडल के संयोजक डॉ.दीपशिखा पटेल सहायक प्राध्यापक लोक संगीत विभाग एवं सदस्य डॉ. दिवाकर कश्यप सहायक प्राध्यापक गायन विभाग, डॉ. लिकेश्वर वर्मा सहायक प्राध्यापक गायन विभाग, डॉ.शिवाल बैस सहा. प्राध्यापक कथक विभाग, डॉ. शेख मेदिनी सहा. प्राध्यापक भरतनाट्यम, जगदेव नेताम सहा. प्राध्यापक गायन विभाग सहित शिक्षकगण, संगतकारगण, अतिथि व्याख्यातागण एवं शोधार्थी-विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# ट्रिपल इंजन की सरकार में ट्रिपल मर्डर- देवांगन

राजनांदगाँव (दावा)। मजदूर (इंटक) कांग्रेस के शहर अध्यक्ष सुरेन्द्र देवांगन ने भाजपा के ट्रिपल इंजन की सरकार में बजरंगपुर नवांगाँव में ट्रिपल मर्डर हो जाने पर पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार की कडी निंदा की है और कहा भाजपा सरकार में यह कोई नई बात नहीं है जब-जब और जहाँ-जहाँ भाजपा की सरकार आती है या है वहां असामाजिक तत्वों को ताकत, संबल और सुरक्षा मिल जाती है नशाखोरी, रिश्वतखोरी, चोरी, डकैती, भ्रष्टाचार और अत्याचार को बढ़ावा देना इनका मुख्य उद्देश्य रहता है। राज्य के जनता से कोई मतलब नहीं है इन्हें अपना काम बनता और त्रस्त रहे जनता, कितनी शर्मनाक बात है कि तीन बार के मुख्यमंत्री वर्तमान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ, रमन सिंह का विधानसभा क्षेत्र है गृहमंत्री विजय शर्मा का प्रभार जिला और पूर्व सांसद वर्तमान महापौर मधुसुदन यादव का क्षेत्र है।

# रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में पुस्तक मेले का आयोजन




डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में ग्रंथालय विभाग द्वारा एक दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। यह आयोजन 08 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के नये भवन में किया गया।

पुस्तक मेले का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई. व्ही. रेवती एवं ग्रन्थालय प्रमुख नितेश तिरपुड़े के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रेवती ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का सही तरीका भी सिखाती है। पुस्तकालय विभागाध्यक्ष श्री तिरपुड़े ने बताया कि पुस्तक मेला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों में पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें ग्रंथालय में उपलब्ध ज्ञान के खजाने से परिचित कराना था, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक एवं प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्राचार्य ने इस अवसर पर आयोजन में शामिल सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

# खैरागढ़ महाविद्यालय में 70 छात्रों ने किया रक्तदान



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.ओ.पी. गुप्ता के निर्देशानुसार एवं प्रो. यशपाल जंघेल के मार्गदर्शन में 12 सितंबर को लगभग 70 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। महाविद्यालय के मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में छात्र-छात्राओं का रक्तदान लगभग 70 यूनिट ब्लड बैंक में जमा करने डॉ. नीलम एवं डॉ.राजशेखर सिन्हा की टीम में कौशल प्रसाद टेक्नीशियन के द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित संस्था के पूर्व रेडक्रॉस प्रभारी जे.के. वैष्णव सर ने रक्तदान के महत्व को बताते हुए रक्तदान को महादान कहा। प्रो. यशपाल जंघेल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने छात्र-छात्राओं के स्वस्फूर्त रक्तदान की प्रशंसा करते हुए सफल रक्तदान शिविर हेतु बधाई, शुभकामनाएं देते हुए आभार प्रकट किया। डॉ. मेधाविनी तूरे ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान हेतु प्रेरित किया। कॉलेज के स्वयंसेवक टिकेंद्र वर्मा ने 16 बार रक्तदान एवं ताम्रध्वज वर्मा ने 15 बार एवं लीना वर्मा ने 3 बार रक्तदान किया है। टिकेंद्र वर्मा और ताम्रध्वज वर्मा ने देहदान का संकल्प भी लिया है। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक सुरेश आडवाणी, सतीश माहला, सृष्टि वर्मा, भबीता मंडावी, मनीषा नायक, मोनिका जत्ती, डॉ. उमेंद चंदेल सहित स्टाफ के समस्त सदस्य एवं अधिकारी कर्मचारीगण तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस समिति के स्वयंसेवकों का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रभारी प्रो.यशपाल जंघेल ने एवं आभार प्रदर्शन डॉ. मेधाविनी तूरे ने किया।

रक्तदान शिविर में रक्तवीर डॉ. संजय वर्मा जिन्होंने अब तक 29 बार रक्तदान कर चुके हैं के साथ हिमेश जांगड़े, तुलेश्वर वर्मा, अल्का शेष के साथ गौरी यदु, पूजा वर्मा, सोनी मंडावी, नागेश वर्मा, चुम्मन वर्मा, नितेश साहू, देवेंद्र पटेल, प्रमोद सिन्हा, वर्षा वर्मा, राहुल साहू और बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# कमला कॉलेज में धूमधाम से संपन्न हुई पोस्टर प्रतियोगिता



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत महाविद्यालय स्तर पर भव्य पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था-छत्तीसगढ़ विकास की 25 वर्ष की गौरव गाथा जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता से राज्य की उपलब्धियों को रंगों के माध्यम से जीवंत किया। प्रतियोगिता में कुल 39 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक पोस्टर प्रस्तुत किए। जिससे निर्णायक मंडल को भी निर्णय लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र की छात्रा कु. चांदनी साहू ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बीएससी तृतीय सेमेस्टर बायोलॉजी की कु. गोमती और तृतीय स्थान उसी संकाय की कु. अंजली निषाद को प्राप्त हुआ।

निर्णायक मंडल में डॉ. हरप्रीत कौर गरचा, डॉ. जयसिंग साहू एवं डॉ. निवेदिता ए. लाल शामिल थीं। उन्होंने छात्राओं की कलात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक पोस्टर में राज्य के विकास की झलक साफ नजर आई। यह छात्राओं की गहरी समझ और मेहनत का परिणाम है।

# बजरंगपुर-नवागांव में ट्रिपल मर्डर लापरवाही का नतीजा



कांग्रेस की जांच समिति के अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बजरंगपुर-नवागांव में गुटीय विवाद के चलते हुए दिल दहला देने वाले ट्रिपल मर्डर ने पूरे इलाके को हिला दिया है। चाकू से गोदकर एक के बाद एक तीन युवकों की हत्या ने न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बल्कि पुलिस की बड़ी लापरवाही को भी उजागर किया है। इस घटना के बाद कांग्रेस की जांच समिति मौके पर पहुंची। समिति के अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और प्रदेश सरकार से तत्काल आर्थिक मदद की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस समय रहते सक्रिय होती तो यह दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी।

श्री साहू ने आगे कहा कि मृतकों के परिजनों को कम से कम 20-20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए और प्रत्येक परिवार से एक-एक सदस्य को शासकीय नौकरी दी जाए। साथ ही घायल युवक के उपचार की पूरी जिम्मेदारी सरकार उठाए। उन्होंने ने कहा कि शहर में नशे का बढ़ता कारोबार अपराध की जड़ है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि नशीली गोलियों और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगे। नशे एवं अपराध पर सख्त नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। आरोपियों को कठोर से कठोर सजा दिलाई जाए। ताकि भविष्य में कोई ऐसी वारदात करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने आईजी से दूरभाष पर चर्चा कर पूरी स्थिति से अवगत कराया और कहा कि यह हत्याकांड राजनांदगाँव जैसे महत्वपूर्ण जिले में हुआ है जो कि तीन बार के मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का क्षेत्र है। साथ ही यह जिला गृहमंत्री विजय शर्मा के प्रभार में है। ऐसे में यह घटना पूरे प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को उजागर करती है। कांग्रेस जांच समिति ने मृतक विशाल राजपूत के परिजन संजय राजपूत और अजय राजपूत, मृतक राकेश ढीमर की पत्नी और भाई तथा मृतक सचिन मलिकपूरी के भाई, भतीजे और ससुर से मुलाकात की और संवेदना प्रकट की।

इस मौके पर अध्यक्ष धनेंद्र साहू के साथ पूर्व मंत्री अरुण वोरा, भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, हर्षिता स्वामी बघेल, शाहिद खान, भागवत साहू, कुलबीर सिंह छाबड़, कमलजीत सिंह पिंटू, पंकज बांधव, अमित चंद्रवंशी, आसिफ अली, पार्षद राजा तिवारी, विवेक वासनिक, संतोष पिल्ले, शुभम पांडे, इकरामुद्दीन सोलंकी, छोटेलाल रामटेके, शैलेश ठावरे, राहुल गजभिए, संदीप जयसवाल, शारदा तिवारी, सुरेंद्र देवांगन, अनिल साहू, उमराव साहू, राहुल देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# बजरंपुर-नवागांव हत्याकांड पर भाजपा की पहल, कांग्रेस के राजनीतिकरण और दोहरी नीति का पर्दाफाश : कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। जिले के बजरंगपुर नवागांव में हुई हत्याकांड जितनी दुखद और निंदनीय है। उस पर कांग्रेस के द्वारा किया जा रहा राजनीति भी उतनी ही दुखद एवं निंदनीय है। क्योंकि कांग्रेस इस संवेदनशील मुद्दे का भी राजनीतिकरण कर रही है। धनेंद्र साहू के नेतृत्व में कांग्रेस का बजरंगपुर-नवागांव का दौरा इसी कुत्सित राजनीति का अत्युत्तम उदाहरण है। उक्ताशय की टिप्पणी करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा की इस गंभीर घटना के बाद भाजपा के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तुरंत प्रभावित क्षेत्र का दौराकर मृतकों के परिजनों से मिलकर दुःख संवेदना व्यक्त की और ठोस समर्थन की घोषणा की।

डॉ. रमन सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि मृतक किसुन राजपूत को सरकारी नौकरी अनुकंपा के तहत दी जाएगी और अशोक ढ़ीमर की पत्नी को प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही विधायक निधि से प्रत्येक परिवार को 1,00,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचाव हेतु नवागांव में एक पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की गई। यह कदम पूरी तरह से संवेदनशीलता न्याय और विकास की भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जबकि ईश्वर साहू के पुत्र की हत्या के बाद दुर्ग जिले के तीन प्रमुख मंत्री जिनमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं थे। जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे एवं गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू कभी संवेदना व्यक्त तक करने नहीं गए थे।

श्री राजपूत ने कहा कि वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के दोहरे चरित्र का भी आज भाजपा पुरजोर विरोध करती हैं। छत्तीसगढ़ के सुरगी में एक दुर्घटना में मृत अर्जुन साहू के परिवार को मुआवजा राशि तक नहीं दी गई थी, लेकिन कांग्रेस मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धड़ल्ले से उत्तरप्रदेश के लखीमपुर में एक पत्रकार और किसान की मृत्यु पर राजनीतिक लाभ के लिए 50-50 लाख रुपये तक मुआवजा घोषित कर डाला था। छत्तीसगढ़ के किसानों और गरीब परिवारों के साथ भूपेश बघेल सरकार की बेरुखी और असंवेदनशीलता का यह सबसे बड़ा उदाहरण है।

आज नवागांव हत्याकांड पर कांग्रेस के पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में दल मृतकों के घर पहुंचकर केवल सियासी हथकंडे अपनाने का प्रयास कर रहा है। यह दल मृतकों के परिवार वालों को अनुकंपा नियुक्ति के साथ-साथ 20-20 लाख रुपये की मांग कर रहा है। जिसकी जिला भाजपा राजनांदगांव स्पष्ट शब्दों में निंदा करती कि यह मांग पूरी तरह से राजनीतिक स्वार्थ और अवसरवादिता से प्रेरित है। कांग्रेस सरकार हमेशा संवेदनशील मामलों को अवसरवादिता की भेंट चढ़ाकर सत्ता पर काबिज रहने की कोशिश करती रही है। भाजपा इस दुखद हत्याकांड को बेहद संवेदनशील मानते हुए दोषियों पर कार्यवाही कर चुकी है और वहां का वातावरण न बिगड़े और कतिपय प्रकार से कुछ लोग माहौल खराब न करे उस पर भी सरकार की नजर बनी हुई है, परंतु इस हत्याकांड में कांग्रेस द्वारा राजनीति करने की कड़ी निंदा करती है। जिस तरह से कांग्रेस के विधायक ने यहां का दौरा कर 20 लाख रुपए की मांग की है। वह सिर्फ दिखावे के लिए है। इस तरह के हत्याकांड में संवैधानिक नियमों से परिचित होने के बाद इस तरह की मांग कर वह लोगों को उकसाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। जबकि भाजपा सरकार न्याय विकास और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपूत ने राजनांदगांव की जनता से अपील की हैं कि वे इस प्रकार के सियासी ड्रामेबाजो की ड्रामेबाजी से दूर रहें और सरकार द्वारा की जा रही सकारात्मक पहल का समर्थन करें। हमारा लक्ष्य है कि सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुरक्षित वातावरण और भ्रष्टाचार रहित प्रशासन।

# विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आकाशवाणी रायपुर पर साझा किए विधानसभा के 25 वर्षों के अनुभव




रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आज आकाशवाणी केंद्र, रायपुर में एक विशेष भेंटवार्ता में अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ उद्घोषक श्री दीपक हटवार के साथ हुई इस वार्ता में डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ की गौरवमयी 25 वर्ष की यात्रा, विधानसभा की कार्यप्रणाली तथा प्रदेश के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर दिए।

डॉ. रमन सिंह ने बताया कि जब पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की थी, तब प्रदेश को विकास की दिशा में नए मार्ग तलाशने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि आज, रजत जयंती वर्ष में, छत्तीसगढ़ अटल जी के सपनों को साकार कर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और प्रगतिशील राज्य के रूप में खड़ा है। अपने 15 वर्षों के मुख्यमंत्री कार्यकाल का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि सबसे बड़ी संतुष्टि इस बात की है कि आज प्रदेश में भूख और पलायन की स्थिति समाप्त हो चुकी है। उन्होंने गरीबों को भोजन का अधिकार, किसानों को सशक्तिकरण, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण तथा बालिकाओं को स्नातक तक निःशुल्क शिक्षा जैसे कदमों को अपने संकल्पों की पूर्ति बताया। नया रायपुर को लेकर उन्होंने कहा कि यह आने वाले 100 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया एक आधुनिक, हरित और पर्यावरण-संवेदनशील शहर है, जो भविष्य में पूरे देश के लिए एक मॉडल शहर बनेगा।

विधानसभा की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा पूरे देश में अपनी अनुशासन और परंपराओं के लिए अलग पहचान रखती है। यहाँ वेल (गर्भगृह) में प्रवेश करने पर स्वतः निलंबन की परंपरा है और आज तक किसी भी स्थिति में मार्शल का उपयोग नहीं करना पड़ा है। बजट पारित करने की गिलोटिन प्रक्रिया को भी उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक गरिमा का प्रतीक बताया।

नए विधानसभा भवन की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह भवन पूरी तरह पेपरलेस होगा, जिसमें 200 निर्वाचित सदस्यों की आधुनिक बैठक व्यवस्था, 500 क्षमता का ऑडिटोरियम और 700 वाहनों की पार्किंग सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह भवन न केवल आधुनिकता का प्रतीक होगा, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी संवेदनशील होगा। महिला और युवा विधायकों की बढ़ती भागीदारी पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक मजबूती का परिचायक है। वर्तमान में 21 प्रतिशत महिला विधायक और 14 प्रतिशत युवा विधायक सदन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की अनुशासित कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक परंपरा और पारदर्शिता पूरे देश के लिए एक आदर्श है।

# श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय में हुआ शिक्षकों का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। श्रीराम शिक्षा महाविद्यालय राजनांदगांव में 13 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के परिपेक्ष्य में प्राचार्य तुकेश वर्मा द्वारा सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्ण जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन पश्चात शिक्षा संकाय के शिक्षकों का स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर प्राचार्य श्री वर्मा सर ने सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनसे संस्थान में अध्ययनरत स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का सफ़ल संचालन सहायक प्राध्यापक श्रीमती पेमीता साहू द्वारा किया गया। अंत में महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती आभारानी साव द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पूज्य सिंधी पंचायत, हेमू कालानी नगर द्वारा 224 मेधावी छात्रों एवं शिक्षकों का किया सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। पूज्य सिंधी पंचायत हेमू कालानी नगर द्वारा आज समाज के शिक्षकों एवं 224 मेधावी छात्र-छात्राओं का सिंधु भवन में सम्मान किया गया। समारोह में वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी, बम्हानंद बजाज, कोषाध्यक्ष विजय गंगवानी विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष मन्नुमल मोटलानी ने बताया कि विद्यार्थी परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ शिक्षा में अधिक अंक लाते हैं तो उन्हें समाज द्वारा प्रोत्साहित करने पर उन्हें प्रेरणा मिलती है और आगे भी वह कड़ी मेहनत करते हैं, साथ ही उनके माता-पिता भी इस सम्मान से अभिभूत होते हैं। पूज्य पंचायत के महासचिव हरीश मोटलानी ने बताया कि प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के दिन यह समारोह आयोजित किया जाता है, इस वर्ष कक्षा पहली से इस वर्ष कक्षा पहली से 12वीं तक 90त्न से अधिक अंक लाने वालों का सम्मान किया गया जिसमें 200 बच्चों ने भागीदारी की। हायर एजुकेशन के 24 बच्चों का सम्मान भी किया गया।

प्रोफेसर आशानंद मांखीजा एवं अरुण डूलानी ने बताया कि जतिन गंगवानी,तुषार लालवानी, नेहा गिडवानी,अंजलि परचानी को चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए सम्मानित किया गया, गुंजन मोटवानी, विधि मोटलानी, सिमरन तलरेजा को स्न्न्न्न पूरा कर डॉक्टर बनने के लिए, किरण मोटलानी को क्क्न पूरा करने हेतु, मुस्कान रूचंदानी को बीएएमएस हेतु, निकिता कुकरेजा एवं साक्षी धनवानी को कंपनी सेकेट्री के लिए सम्मानित किया गया। मुस्कान मेघानी को क्क्क एवं गीता मोटवानी को क्क्ष्.ष्ठ हेतु, सोनाक्षी सोनवानी को एडवोकेट हेतु, दीपाली तलरेजा को डॉक्टर हेतु सम्मानित किया गया। सानवी पंजवानी को यूजीसी हेतु सम्मानित किया गया। इसी तरह से डॉक्टर करिश्मा तेजवानी को एटीएस के लिए एवं आरती अदानी को बीएआर हेतु कुश बत्रा को फार्मेसी हेतु सम्मानित किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह के तहत समाज के तरुण सिरवानी, रिया सेरवानी एवं स्वाति मोटलानी को शिक्षक सम्मान के तहत पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी एवं अध्यक्ष मनुमल मोटलानी ने सम्मानित किया।

## सरिता भोजवानी का सम्मान

राजनांदगांव पुलिस काउंसलिंग महिला थाना एवं बालक कल्याण समिति के अध्यक्ष बनने पर समाज की होनहार सरिता भोजवानी का भी पूज्य सिंधी पंचायत की ओर से स्वागत अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में संचालन अमर लालवानी, अर्जुन गंगवानी, अरुण डुलानी, प्रो. आशानंद मखीजा,एवं गिरधारी पंजवानी ने किया। आभार प्रदर्शन पार्षद एवं राजस्व विभाग के अध्यक्ष राजा माखीजा ने किया। इस अवसर पर पंकज जेठानी, कमल चिचेरिया, राजकुमार डुलानी, अर्जुन गंगवानी, चंदन रुचंदानी, प्रहलाज चेतवानी, रमेश गिडवानी, मुरली पंजवानी, हरीश सोनी, चन्द्रपाल कटियारा, नितिन बत्रा, अशोक मोतीरामानी, विनोद लुल्ला, अशोक तेजवानी, अनिल गंगवानी, अशोक झमटानी, आसर जुमनानी, गिरधारी तलरेजा, कमल चिचेरिया, चंद्रपाल कटियार, दौलत रामचंदानी, नरेश मोटलानी, जसबीर सिंह कजवानी, मुरली पंजवानी मुरली फगवानी, राजा माखीजा, राजेश तेजवानी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चौकी थाना परिसर में पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश

## प्रशासन के खिलाफ भड़का आक्रोश



(अभिषेक त्रिपाठी)

अंबागढ़ चौकी (दावा)। गाँव में लगातार हो रही प्रताड़ना और पुलिस-प्रशासन की बेरुखी से तंग आकर एक पीड़ित परिवार निर्मला बाई साहू पति चुन्नी लाल साहू उम्र 38 वर्ष, कु. केसरिया साहू पिता चुन्नी लाल उम्र 21 वर्ष, श्रीमती तानेश्वरी साहू पति स्व. सुरेन्द्र साहू उम्र 29 वर्ष, नाती प्राची साहू 8 वर्ष, हुमांशी साहू 7 वर्ष ने शनिवार को अंबागढ़ चौकी थाने के सामने पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया।

परिवार का आरोप है कि गाँव के दबंगों ने उनकी निजी जमीन पर बने दुकान को जबरन बंद करवा दिया है। इतना ही नहीं, पूरे परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर हुक्का-पानी तक बंद कर दिया गया है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। परिवार का कहना है कि आयोग से लेकर पुलिस प्रशासन तक गुहार लगाने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला। हताश होकर आखिरकार उन्होंने थाने के सामने ही आत्मदाह की कोशिश कर डाली। घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी और गहरा आक्रोश फैल गया है। आम लोगों ने सवाल उठाया है कि जब आयोग और प्रशासन ही न्याय दिलाने में विफल है तो सरकार के सुशासन के दावे किस काम के इस प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

# रायल्टी माफी के लिए जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने दिया धन्यवाद, जीएसटी जोड़कर देने की मांग



ठेकेदारों को भुगतान नहीं होने के संबंध में बनेगी रणनीति, 16 को राजधानी में होगी बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने रायल्टी माफी के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया है साथ ही सरकार से अपेक्षा की गई है कि उन्हे जीएसटी जोड़कर दिया जाए, जो कि वर्तमान में जोड़ कर नहीं दिया जा रहा है। जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंगी ने केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के स्लैब कम कर मात्र दो स्लैब रखने को साहसिक कदम बताया तथा कहा कि इससे आम लोगों को फायदा होगा। उन्होंने केंद्र सरकार के इस कदम की सराहना की साथ ही कहा कि हम चाहते हैं कि ठेकेदारों को 18 पर्सेंट जीएसटी अलग से जोड़ दें, जो कि अभी नहीं दिया जा रहा है। जबकि यह हर प्रांत में लागू से इसलिए यहां भी 18 परसेंट की जीएसटी उन्हें अलग से जोड़ कर दिया जाना चाहिए। उक्त संबंध में एक जिला स्तरीय बैठक भी ली गई हैं।

## लंबे समय से नहीं हो रहा भुगतान, ठेकेदारों में रोष

जिला कांट्रेक्टर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष श्री सिगी ने बताया कि निर्माण विभागों में कार्यरत ठेकेदारों को बिलों का भुगतान लंबे समय से नही किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर अधिकारी समय पर काम पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों पर अनावश्यक रूप से दबाव बनाते है। अधिकारियों की मनमानी और विसंगतियों को लेकर ठेकेदारों में काफी रोष व्याप्त है। ऐसे कई मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने राजधानी में राज्य स्तरीय बैठक करने का ऐलान किया है। 16 सितंबर को होने वाली इस बैठक में प्रदेशभर के कांट्रेक्टर शामिल होंगे। राज्य सरकार के सामने निर्माण संबंधी मुद्दों को प्रमुखता से रखेंगे।

राजधानी में 18 सितंबर गुरुवार को आयोजित उक्त बैठक के संबंध में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बीरेश शुक्ला राजनांदगांव के अध्यक्ष संजय सिंगी, दुर्ग से के.पी मिश्रा, आलोक बिंदल, सुरेन्द पांडे का कहना है कि संगठन की मजबूती और विस्तार के साथ ही विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा और निर्णय लेने के लिए यह बैठक बुलाई जा रही है। उनका यह भी कहना है कि राज्य के विकास में ठेकेदारों की अहम भूमिका होती है, लेकिन विभागीय अधिकारीयों द्वारा समस्याओं का निराकरण करने के बजाय हर स्तर पर जटिल प्रक्रिया उत्पन्न करने में ही ज्यादा दिलचस्पी दिखाते है। इससे निर्माण कार्य प्रभावित होते हैं। और ठेकेदार अनावश्यक रूप से परेशान होते है। निर्माण कार्यों की प्रक्रिया ऐसी होती है कि लाखों रूपए की सामग्री उधारी में लेना पड़ता है और जब विभागों से बिलों का भुगतान होते है तब ट्रेडर्स को बकाया चुकाते हैं।

## बिल रुके होने से निर्माण कार्यों पर असर

बताया गया कि वर्तमान में करोड़ों रूपए का बिल छह महीने से लेकर एक साल से लंबित है, जिसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसका सीधा असर निर्माण कार्यों पर पड़ता है। ऐसे सभी मसलों पर प्रदेश के सभी जगहों के कांट्रेक्टर राज्य स्तरीय बैठक में अपनी बातों को रखेंगे। इसके बाद सभी बिंदुओं का ज्ञापन राज्य शासन को सौंपने का फैसला लिया जायेगा। उक्त संबंध में जिले में हुई बैठक में प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संजय सिंगी, आलोक बिंदल, विनोद जैन, गौरव खंडेलवाल, कैलाश अहिरवार, उत्तम संचेती, योगेश भाविक, अता उल्लास खान, प्रदीप कांडा आदि के अलावा सभी विभाग के ठेकेदार मौजूद थे।

# किसानों की परेशानी से सरकार को कोई सरोकार नहीं



० गौवंश चर रहे हैं किसानों का खेत
० गौवंशों को गाड़ियों में भरकर थाना पहुंचा रहे हैं

डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार धर्म के रास्ते पर चलने का दम भरती है, लेकिन गौमाता की व्यवस्था करने में हाथ पैर फूल रहे हैं। खेतों में धान की बालियां आने को तैयार है, किन्तु खुले में घूम रहे घुमंतू पालतू पशुओं की वजह से किसान काफी परेशान हैं और अब वे सरकार की ओर से कोई समाधान नहीं मिलता देख गौवंशों को पकड़कर बगैर किसी सूचना के डोंगरगांव थाना परिसर में लाकर बांध रहे हैं। हालाकि पुलिस प्रशासन इस विषय में कोई ठोस मदद कर पाने में सक्षम नहीं हैं और इस बात को किसानों को समझाया भी जा रहा है, किन्तु किसानों को कोई राह नहीं दिखता देख थाने में ही गुहार लगाने पहुंच रहे हैं। पंद्रह दिवस पूर्व ग्राम अछोली से जनपद सदस्य एकांत चंद्राकर के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण गौवंशों को गाड़ियों में भरकर थाने पहुंचे थे और पुलिस के साथ ही शासन-प्रशासन का इस गंभीर विषय पर ध्यान आकृष्ट कराया था, किन्तु इस पर कोई कार्यवाही दिखाई नहीं दिया। वहीं शनिवार को एक बार फिर ग्राम चांदों के ग्रामीण दो गाड़ियां भरकर 30 गौवंशों को डोंगरगांव थाना परिसर में बांध दिया है।

डोंगरगांव थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा से ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा बताते हुए सभी मवेशियों के मालिकों को ढूंढकर उनपर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। जिस पर श्री वर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे स्वयं ग्रामीण क्षेत्र के निवासी है और यह समस्या उन्होंने काफी से देखा है, लेकिन बगैर किसी टैग या पहचान के सभी पशु मालिकों को ढूंढना मुश्किल है और दो मवेशियों के लगे टैग के अनुसार उनपर एफआईआर की जाएगी। वहीं बाकी बचे पशुओं को थाना परिसर में छोड़ना कानूनन उचित नहीं है और न ही यहां उनकी व्यवस्था की जा सकती है। कानून तोड़ने की स्थिति में सभी संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जायएगी। इस पर ग्रामीणों ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम किसान अपने फसल को बचाने के लिए सभी कार्यवाही सहने के लिए तैयार हैं।

बहरहाल घुमंतु गायों के चलते गांव की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। इस पर छत्तीसगढ़ सरकार को शीघ्र ही कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। फिर भले ही पशुओं के व्यवस्थापन के लिए ग्राम पंचायतों को कुछ राशि उपलब्ध कराया जाए, ताकि अस्थायी बाढ़ लगाकर पशुओं को सुरक्षित रखा जा सके और धान की फसल कटते तक चारा पानी की व्यवस्था हो सके। साथ ही सीजन निकलने के बाद ग्रामीणों को भी इस विषय में गंभीरता से सोचना चाहिए। जिसमें पशुओं के चारा में काम आने वाला पराली या पैरा को जलाने के बजाए एक स्थल पर इकट्ठा करवाया जाए और फसलों के सीजन में उसका उपयोग किया जाए।

आवश्यकता है



दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।

संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com